दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

देश का Darpan News
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अख़बार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेजें

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:142 | जयपुर, शुक्रवार, 01 अगस्त 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

## चंडीगढ़ मेट्रो परियोजना के लिए अभी तक कोई डीपीआर नहीं, केंद्र ने लोकसभा में खुलासा किया

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** लोकसभा में चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी को एक लिखित जवाब में, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने पुष्टि की है कि लंबे समय से प्रतीक्षित चंडीगढ़ मेट्रो परियोजना के लिए अभी तक कोई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) केंद्र सरकार को प्रस्तुत नहीं की गई है। राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि चंडीगढ़ के लिए एकीकृत मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (यूएमटीए) का गठन 28 अप्रैल, 2023 को किया गया था। तब से, इसने केवल तीन बैठकें की हैं - 18 जुलाई, 2023 को; 13 दिसंबर, 2023; और 2 सितंबर, 2024 को। हालांकि, मिनट सहित इन बैठकों का परिणाम मंत्रालय की प्रतिक्रिया में प्रदान नहीं किया गया था।इसके अलावा, जवाब में स्पष्ट किया गया कि मेट्रो परियोजना के संबंध में पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की सरकारों द्वारा केंद्र को कोई संयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसने यह भी कहा कि RITES के नेतृत्व वाली व्यवहार्यता समिति के निष्कर्षों की समीक्षा नहीं की गई है, और औपचारिक रूप से कोई महत्वपूर्ण सिफारिशें प्राप्त नहीं हुई हैं। मंत्रालय ने दोहराया कि शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे की योजना बनाना और विकसित करना संबंधित केंद्र शासित प्रदेशों के




प्रशासनों की ज़िम्मेदारी है। इसमें कहा गया है कि केंद्र केवल तभी वित्तीय सहायता पर विचार कर सकता है जब एक व्यवहार्य प्रस्ताव औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया जाता है और संसाधनों की उपलब्धता के अधीन होता है। सरकार की प्रतिक्रिया पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सांसद मनीष तिवारी ने निष्क्रियता पर बहुत निराशा व्यक्त की। एक बयान में उन्होंने कहा, चंडीगढ़ मेट्रो परियोजना की नवीनतम स्थिति के बारे में मेरे प्रश्न के उत्तर में, उत्तर एकीकृत मेट्रो परिवहन प्राधिकरण की पूर्ण अक्षमता को रेखांकित करता है। अब दो साल से अधिक समय से अस्तित्व में होने के बावजूद, वे एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने में भी विफल रहे हैं। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और पंजाब और हरियाणा सरकारों के प्रशासन के लिए यह स्पष्ट रूप से कहने का समय आ गया है कि वे चार शहरों चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला और न्यू चंडीगढ़ के लिए मेट्रो परियोजना चाहते हैं या नहीं। विलंब, हिचकिचाहट, अस्पष्टता और छल अब नहीं चलेगा। निचली पंक्ति - क्या आप मेट्रो चाहते हैं या नहीं? हाँ या नहीं। ट्राइसिटी क्षेत्र में शहरी भीड़भाड़ बढ़ने के साथ, अब सभी हितधारकों पर देरी को रोकने और बहुत ज़रूरी मेट्रो रेल परियोजना पर स्पष्ट रुख अपनाने के लिए दबाव बढ़ रहा है।

## बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत, दिल्ली-एनसीआर की हवा हुई स्वच्छ, कई इलाकों में एक्यूआई 50 से नीचे

**एजेंसी**

**दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बारिश ने एक तरफ गर्मी से लोगों को निजात दिलाई है तो दूसरी तरफ वायु गुणवत्ता में भी ऐतिहासिक सुधार देखने को मिल रहा है। दिल्ली के कुछ ऐसे इलाके हैं जहां पर एक्यूआई 50 के नीचे है, यानी की 'अति उत्तम' श्रेणी में इसे गिना जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर जलभराव और ट्रैफिक की समस्या नगर निगमों और प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती बनी हुई है। घरों से निकलने वाले लोग घंटे तक



जाम में फंसने के कारण अपने गंतव्य तक सही समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। बारिश ने न केवल लोगों को गर्मी से राहत दी है, बल्कि प्रदूषण के स्तर को भी काफी हद तक कम कर दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, 31 जुलाई को कई निगरानी स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 50 से नीचे दर्ज किया गया है। दिल्ली के प्रमुख क्षेत्रों की बात करें तो अलीपुर (28), मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम (38), बवाना (36), नरेला और नेहरू नगर (दोनों 48), इंदिरापुरम, गाज़ियाबाद (31), और नोएडा सेक्टर-62 व सेक्टर-1 (34) जैसे स्थानों की हवा बेहद स्वच्छ श्रेणी में आ गई है। यह स्तर कई बार पहाड़ी क्षेत्रों की हवा के स्तर से भी बेहतर माना जाता है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में 31 जुलाई से 5 अगस्त तक लगातार बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। 1 से 3 अगस्त तक गरज-चमक के साथ तेज बारिश की भी संभावना जताई गई है। अगले कुछ दिनों तक अधिकतम तापमान 34-35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24-26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, वहीं ह्यूमिडिटी 95 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में जलभराव के कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सड़कों पर लंबा जाम लगा है और आवागमन बाधित हुआ है, जिससे दफ्तर जाने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी है।

## अमृत भारत ट्रेन में विश्व स्तर की सुविधायें उपलब्ध करायी गयी हैं: वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोक सभा में बताया कि अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन में वैश्विक स्तर की सुविधायें उपलब्ध करायी गयी हैं और विभिन्न क्षेत्रों से इस ट्रेन और वंदे भारत ट्रेन को चलाने की मांग बढ़ रही है। श्री वैष्णव ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए चलायी जाने वाली अमृत भारत ट्रेन में सीसीटीवी कैमरे, नये डिजाइन के शौचालय, मोबाइल फोन चार्जिंग आदि सुविधायें उपलब्ध करायी गयी हैं।



इस ट्रेन और वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग देश के विभिन्न क्षेत्रों से निरंतर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष में वंदे भारत ट्रेन की 144 सेवायें संचालित करा दी गयी हैं। पूरे भारत को वंदे भारत की सेवा से कवर कर लिया गया है। रेल मंत्री ने आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर के प्रश्न के उत्तर में बताया कि केरल में रेल सेवा विस्तार के लिये बहुत काम किया गया है। प्रदेश में रेल सेवा विस्तार के लिए मोदी सरकार के कार्यकाल में जितना काम हुआ हैं, उतना कार्य 60 वर्षों में भी नहीं किया गया था। केरल में रेल सेवा विस्तार के लिए आगे भी और कार्य किये जायेंगे।

## ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ पर प्रियंका गांधी ने कहा-टैरिफ और युद्ध दोनों पर सरकार को देना होगा जवाब

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा और भारत-पाकिस्तान युद्ध संबंधी विवादास्पद बयान पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने दोनों मुद्दों पर केंद्र की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार को देश के सामने जवाब देना चाहिए।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, सबने देखा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने क्या कहा है। उन्होंने टैरिफ के बारे में बात की, जंग के बारे में फिर से कहा कि उनके कहने पर भारत और पाकिस्तान ने जंग रोकी। दोनों बातों पर सरकार को जवाब देना पड़ेगा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा टैरिफ की घोषणा प्रधानमंत्री मोदी और भारत के लिए बहुत बड़ा झटका है। 'हाउडी मोदी' और 'नमस्ते ट्रंप' का कोई फ़ायदा नहीं हुआ। राष्ट्रपति ट्रंप 30 बार कह चुके हैं कि उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' रुकवाया था और इसलिए रुकवाया ताकि अच्छी ट्रेड डील हो सके। अब 25ॠ टैरिफ की घोषणा हो गई है और जुर्माना भी लगेगा।ऐसे में सवाल है कि इस दोस्ती से हमें क्या मिला? सवाल ये भी कि अमेरिका कौन होता है- हमें ये बताने के लिए हम कहां से क्या खरीदेंगे? यह हमारे देश, हमारी अर्थव्यवस्था और प्रधानमंत्री के लिए बहुत बड़ा झटका है, लेकिन प्रधानमंत्री को डरना नहीं चाहिए, उन्हें डटकर देशहित ऊपर रखना चाहिए। ये अमेरिका का ब्लैकमेल है।

## मालेगांव बम ब्लास्ट मामला : सबूतों को अभाव में सभी 7 आरोपी बरी,17 साल बाद आया फैसला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** 2008 मालेगांव बम धमाकों से जुड़े बहुचर्चित मामले में 17 साल की लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद आखिरकार फैसला आ गया। विशेष एनआईए अदालत ने सबूतों के अभाव में सभी 7 आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत पेश नहीं कर सका। एनआईए कोर्ट ने 2008 मालेगांव बम विस्फोट मामले में फैसला सुनाया 7 'श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं है। पंचनामा करते समय जांच अधिकारी द्वारा घटनास्थल का कोई स्केच नहीं बनाया गया था। घटनास्थल से कोई फिंगरप्रिंट, डंप डेटा या कुछ भी एकत्र नहीं किया गया था। नमूने दूषित थे, इसलिए रिपोर्ट निर्णायक नहीं हो सकती और विश्वसनीय नहीं हैं। विस्फोट में कथित रूप से शामिल बाइक का चेसिस नंबर स्पष्ट नहीं था। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले यह साध्वी प्रज्ञा के कब्जे में थी,' अदालत ने कहा एनआईए



कोर्ट ने 2008 मालेगांव बम विस्फोट मामले में फैसला सुनाया 7 इस मामले में,क्र लागू नहीं किया जाएगा क्योंकि नियमों के अनुसार मंजूरी नहीं ली गई थी। मामले में UAPA के दोनों मंजूरी आदेश दोषपूर्ण हैं। कोर्ट ने कहा इस पूरे मामले में भोपाल से बीजेपी की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा को मुख्य आरोपी बनाया गया था. ये ब्लास्ट 29 सितंबर 2008 को हुआ था. कोर्ट ने अपने फैसले में माना कि NIA तमाम आरोपों को साबित करने में नाकाम रही है. 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में रमजान के पवित्र महीने में और नवरात्रि से ठीक पहले एक विस्फोट हुआ। इस धमाके में छह लोगों की जान चली गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। एक दशक तक चले मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 323 गवाहों से पूछताछ की, जिनमें से 34 अपने बयान से पलट गए।

शुरुआत में, इस मामले की जांच महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने की थी। हालांकि, 2011 में एनआईए को जांच सौंप दी गई। 2016 में एनआईए ने अपर्याप्त सबूतों का हवाला देते हुए प्रज्ञा सिंह ठाकुर और कई अन्य आरोपियों को बरी करते हुए एक आरोप पत्र दाखिल किया था ।

## बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 के प्रमुख प्रावधान 1 अगस्त से होंगे लागू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 अगले महीने 1 अगस्त से लागू होगा। इस अधिनियम का उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र में प्रशासनिक मानकों में सुधार लाना और जमाकर्ताओं व निवेशकों के लिए बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

इस वर्ष 15 अप्रैल को अधिसूचित इस अधिनियम का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में ऑडिट क्वालिटी में सुधार लाना और सहकारी बैंकों में निदेशकों (अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशकों को छोड़कर) का कार्यकाल बढ़ाना है।

इस अधिनियम के प्रावधानों का उद्देश्य पर्याप्त ब्याज की सीमा को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपए करना है, जो 1968 से अपरिवर्तित रही सीमा को संशोधित करता है।

इसके अलावा, ये प्रावधान सहकारी बैंकों में निदेशकों के कार्यकाल को 97वें संविधान संशोधन के अनुरूप बनाते हैं, जिसमें अधिकतम कार्यकाल 8 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष (अध्यक्ष और




पूर्णकालिक निदेशक को छोड़कर) कर दिया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अब बिना दावे वाले शेयरों, ब्याज और बॉन्ड रिडेम्पशन राशि को इंवेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड (आईईपीएफ) में ट्रांसफर करने की अनुमति होगी, जिससे वे कंपनी अधिनियम के तहत कंपनियों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रथाओं के अनुरूप हो जाएंगे। ये संशोधन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को वैधानिक लेखा परीक्षकों को पारिश्रमिक प्रदान करने, उच्च-गुणवत्ता वाले लेखा परीक्षा पेशेवरों की नियुक्ति को सुगम बनाने और लेखा परीक्षा मानकों को बेहतर बनाने का अधिकार भी देते हैं।

मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि इन प्रावधानों का कार्यान्वयन भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के कानूनी, नियामक और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 में पांच कानूनों भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955, और बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और 1980 में कुल 19 संशोधन शामिल हैं।

केंद्र सरकार ने बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 (2025 की 16) की धारा 3, 4, 5, 15, 16, 17, 18, 19 और 20 के प्रावधानों के लागू होने की तिथि 1 अगस्त, 2025 अधिसूचित की है, जैसा कि 29 जुलाई, 2025 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित किया गया है।

## सरकार अपने व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए उठायेगी सभी आवश्यक कदमः वाणिज्य मंत्रालय

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सरकार ने अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाये जाने पर कहा कि वह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में देश के किसानों, उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के हितों की रक्षा को सर्वोच्च महत्व देती है। आयात शुल्क पर ट्रंप सरकार के फैसले के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सरकार ने द्विपक्षीय व्यापार के बारे में अमेरिका के राष्ट्रपति के एक बयान को देखा है। सरकार उसके निहितार्थों का अध्ययन कर रही है। बयान में कहा गया है कि भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीने से एक न्यायोचित, संतुलित और परस्पर लाभदायक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत में लगे हुये हैं। हम इस उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। सरकार की ओर से कहा गया है कि वह देश के किसानों, उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योमों के कल्याण के




संवर्धन और उनके हितों की रक्षा को सर्वोच्च महत्व देती है। सरकार अन्य सभी व्यापार समझौतों में अपने राष्ट्रीय हितों की हिफाजत के लिए हर आवश्यक कदम उठायेगी जिनमें हाल में ब्रिटेन के साथ हुआ व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता भी शामिल है।

## सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर को 10 बीआरएस विधायकों की अयोग्यता पर 3 महीने में फैसला लेने का निर्देश दिया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** तेलंगाना में बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष को तीन महीने में फैसला लेने का निर्देश दिया है। इन 10 बीआरएस विधायकों ने कांग्रेस पार्टी ज्वॉइन की थी, लेकिन तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष ने इनकी अयोग्यता पर लंबे समय तक कोई फैसला नहीं लिया। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मामले में सुनवाई करते हुए तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि वह 10 बीआरएस के विधायकों की अयोग्यता पर तीन महीने में फैसला लें। इस बीच, दल-बदल पर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, ये मुद्दा देशभर में बहस का विषय रहा है और यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया, तो यह लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने संसद में दिए गए कई नेताओं के भाषणों का हवाला दिया।



कोर्ट ने राजेश पायलट और देवेंद्रनाथ मुंशी जैसे सांसदों के भाषणों का जिक्र करते हुए कहा कि विधायक या सांसद की अयोग्यता तय करने का अधिकार स्पीकर को इसलिए दिया गया, ताकि अदालतों में समय बर्बाद न हो और मामला जल्दी सुलझे। सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष यह दलील दी गई कि अनुच्छेद 136 और 226 व 227 के तहत स्पीकर के निर्णयों पर न्यायिक समीक्षा की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं। यह भी कहा गया कि चूंकि यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट की एक बड़ी पीठ के समक्ष लंबित है, इसलिए मौजूदा सुनवाई नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में इन दलीलों का उल्लेख किया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तेलंगाना हाईकोर्ट की खंडपीठ के आदेश को रद्द किया और निर्देश दिया कि कथित तौर पर सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होने वाले 10 बीआरएस विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही 'यथाशीघ्र और तीन महीने के भीतर' तय की जाए।

## देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम में अबतक 40.57 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण

**एजेंसी**

**देवघर।** सावन माह में देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब लगातार उमड़ रहा है। गुरुवार तड़के 04:15 बजे से मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया। श्रद्धालुओं को बीएड कॉलेज से तिवारी चौक, शिवराम झा चौक, नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स होते हुए जिला प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा के बीच जलार्पण कराया जा रहा है। बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में शिवभक्तों की गूंज है। कांवड़िए कतारबद्ध होकर बाबा का जयघोष करते हुए जलार्पण कर रहे हैं। सुल्तानगंज से जल लेकर 105 किलोमीटर पैदल यात्रा कर देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंच कर कांवड़िए जलार्पण करते हैं। जिला प्रशासन के अनुसार सावन मेला में अब तक कुल 40 लाख 57 हजार 220 श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण किया है। देश के हर कोने और विदेश से भी भक्त भोलेनाथ को जलार्पण करने आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसपी अजित पीटर डुंगडुंग ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सभी स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। बाबा बैद्यनाथ धाम स्थित पूरे मेला क्षेत्र में कुल 564 मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। 9 हजार 650 पुलिस बल प्रतिनियुक्त किये गये हैं। साथ ही चार सीआरपीएफ की कम्पनी, दो पुलिस अधीक्षक, एनडीआरएफ की टीम मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त हैं। मेला में 101 स्थानों पर आवासन की व्यवस्था की गयी है। मेला में 81 चिकित्सक और पारा मेडिकल स्टाफ की संख्या 449 है।



## छत्तीसगढ़ के जशपुर में महसूस किये गए भूकंप के झटके

**एजेंसी**

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में गुरुवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप सुबह करीब 7 बजकर 31 मिनट पर आया। इस दौरान लोग एहतियातन घरों से बाहर निकल आए। भूकंप से किसी तरह की जनहानि या नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का केन्द्र जशपुर जिला के बगीचा इलाका बताया जा रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है। भू गर्भ शास्त्री अनिल सिन्हा ने बताया कि भूकंप 4 के मैग्नीड्यूड का है। इससे बहुत ज्यादा जान-माल




की हानि नहीं होती है। इस वजह से अभी ये नेशनल मैप पर नहीं आया है। भूकंप के लिहाज से जशपुर भी एक संवेदनशील इलाका है। पिछले 3 साल में कई बार सरगुजा में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

## अमित शाह के बयान से इत्तेफाक नहीं रखते चिदंबरम, बोले- अफजल गुरु फांसी मामले को तोड़-मरोड़कर किया जा रहा पेश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कहा था कि जब तक पी. चिदंबरम देश के गृह मंत्री पद पर रहे, तब तक अफजल गुरु को फांसी नहीं दी गई। अमित शाह के इस बयान को अब पी. चिदंबरम ने तोड़-मरोड़कर पेश किया गया बताया है। पी. चिदंबरम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि अफजल गुरु की पत्नी ने अक्टूबर 2006 में राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका दायर की थी। यह याचिका 3 फरवरी 2013 को खारिज हुई, जिसके बाद 9 फरवरी 2013 को अफजल गुरु को फांसी दी गई। वे 1 दिसंबर 2008 से 31 जुलाई 2012 तक गृह मंत्री थे और इस दौरान याचिका राष्ट्रपति के पास लंबित थी। कानून के अनुसार, दया याचिका के निपटारे तक फांसी नहीं दी जा सकती। चिदंबरम ने शाह के बयान को तथ्यात्मक रूप से गलत बताते हुए कहा कि यह बयान राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का हिस्सा है। उन्होंने तथ्यों के आधार पर स्थिति स्पष्ट करते हुए सरकार से ऐसी बयानबाजी से बचने की अपील की। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर पर जवाब देते हुए कहा था कि जब तक पी. चिदंबरम देश के गृह मंत्री रहे, तब तक अफजल गुरु को फांसी नहीं हुई। कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को देश की जनता देख रही है। इन लोगों की प्राथमिकता देश की सुरक्षा नहीं, बल्कि राजनीति है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस की प्राथमिकता कभी भी आतंकवाद को समाप्त करना नहीं रही, बल्कि इन लोगों ने हमेशा से ही वोट बटोरने के बारे में सोचा। अमित शाह ने पी. चिदंबरम के बयान का जिक्र करते हुए कहा था कि वो कह रहे हैं कि क्या सरकार के पास सबूत हैं जिससे यह जाहिर हो सके कि आखिर पहलगाम आतंकी हमले को पाकिस्तानी आतंकियों ने अंजाम दिया। मैं पी. चिदंबरम से यह सवाल पूछना चाहता हूं कि आखिर वो इस तरह का बयान देकर क्या पाकिस्तानी आतंकवादियों को बचाना चाहते हैं?

# शहीद राष्ट्र की धरोहर हैं-उपायुक्त

## जलियाँवाला बाग और श्री दरबार साहिब जाने वाले रास्ते की सफाई व्यवस्था का जायजा



**अमृतसर, 31 जुलाईः ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा )** स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की बदौलत ही हम सभी आजादी का आनंद ले रहे हैं और शहीदों के दिखाए रास्ते पर चलकर अपनी आजादी को कायम रखना हमारा कर्तव्य है। ये शब्द उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी ने शहीद उधम सिंह के 86वें शहीदी दिवस के अवसर पर जलियाँवाला बाग स्थित शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने जलियाँवाला बाग के शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि शहीद देश और राष्ट्र की पूंजी हैं और हम सभी को उनके दिखाए रास्ते पर चलकर अपने देश के लिए काम करना चाहिए।

इसके बाद उपायुक्त ने जलियांवाला बाग में पुरातत्व विभाग के नेतृत्व में शुरू की गई सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उपायुक्त ने श्री दरबार साहिब को जाने वाले मुख्य मार्ग हेरिटेज स्टेट पर की जा रही सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और कहा कि हेरिटेज स्ट्रीट पर दो और रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएंगे, ताकि बरसात के दिनों में यहां पानी जमा न हो।

## निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

**जयपुर, 30 जुलाई।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निदेर्शानुसार उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में गांधी नगर मोड, नेहरू बाल उद्यान, कमल एण्ड कम्पनी के सामने एवं त्रिवेणी पुलिया के पास से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये 2 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में गांधी नगर मोड, नेहरू बाल उद्यान, कमल एण्ड कम्पनी के सामने एवं त्रिवेणी पुलिया के पास से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया

## विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने पीर बाबा शादी शाह दरगाह के वार्षिक मेले में आयोजित कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिताओं की सराहना की कहा, नशे से बचने के लिए खेलों को अपनाएँ



**अमृतसर, 31 जुलाई : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन,** साहिल रहेजा ) सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने अनगढ़ क्षेत्र में स्थित पीर बाबा शादी शाह दरगाह के वार्षिक मेले में शिरकत की और दरगाह में मत्था टेका। विधायक डॉ. गुप्ता ने पीर बाबा शादी शाह दरगाह के आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि हर साल की तरह इस साल भी धूमधाम से आयोजित इस मेले में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि आयोजकों द्वारा जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई, उसे कम समय में पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पीर बाबा शादी शाह दरगाह के आसपास और सड़कों पर नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा सभी उचित व्यवस्थाएँ की जाएँगी। विधायक डॉ. गुप्ता ने मेले में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिताओं का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने नशे के खिलाफ जंग छेड़ दी है। उन्होंने कहा कि नशे से मुक्ति के लिए खेलों को अपनाना चाहिए। इसके लिए पंजाब सरकार हर तरह की मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि कबड्डी और कुश्ती प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे खिलाड़ियों का उत्साह देखकर मैं मेले के आयोजकों को बधाई देता हूँ। मेले के आयोजकों ने विधायक डॉ. अजय गुप्ता को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद विक्की दत्ता, अशोक लद्धड़, गुरदास जी, बलदेव सिंह, विशाल गिल, मनजीत सिंह, जग्गा पहलवान, सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र से स्वयंसेवकों की टीम ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिआ

# विदेशी कंपनियों के निवेश के लिए पंजाब सबसे उपयुक्त स्थान - संजीव

**अमृतसर, 31 जुलाई : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा )**

उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन एवं प्रवासी भारतीय मामलों के कैबिनेट मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने अमृतसर की अपनी पहली यात्रा के दौरान कहा कि पंजाब सरकार विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और पंजाब विदेशी निवेश के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। उन्होंने कहाः "पंजाब एक स्थिर, पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल वातावरण प्रदान कर रहा है। हम भविष्य की औद्योगिक इकाइयों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक पार्क, लॉजिस्टिक्स हब और कौशल विकास केंद्र बना रहे हैं। हम



ब्रिटिश निवेशकों को एक मजबूत, विविध और समावेशी अर्थव्यवस्था के निर्माण में हमारे साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित करते हैं।"

उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार और निवेश में हो रहे बड़े बदलावों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पुराना वैश्वीकरण मॉडल, जो केवल लाभ अधिकतमीकरण पर केंद्रित था, अब अधूरा है। आधुनिक समय में, देशों के बीच विश्वास, राजनीतिक स्थिति और उपभोक्ता-उत्पादकों के हित भी महत्वपूर्ण हो गए हैं।

उन्होंने प्रौद्योगिकी, व्यापार और निवेश के बीच गहरे संबंध पर प्रकाश डाला और कहा कि एक क्षेत्र में निर्मित विश्वास अन्य क्षेत्रों में भी विश्वास पैदा करता है, जिससे वैश्विक सहयोग मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जिसका व्यापारिक इतिहास बहुत लंबा है और उसने वस्त्र, मसाले, हस्तशिल्प और धातुओं का निर्यात किया है। भारत सरकार वस्त्र उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण और अर्धचालक जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में घरेलू सुधारों और विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है, साथ ही वैश्विक बाजार में भागीदारी भी कर रही है।

दक्षिण एशिया के लिए महामहिम चार्ल्स के व्यापार आयुक्त और पश्चिमी भारत के लिए ब्रिटिश उप-उच्चायुक्त श्री हरजिंदर कांग ने अपने मुख्य भाषण में कहाः "भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक ऐतिहासिक क्षण है। यह व्यापार बाधाओं को कम करेगा, बाजार पहुँच को सुगम बनाएगा और व्यापार करने में आसानी को बढ़ाएगा।"

उन्होंने यह भी बताया कि यूके सरकार प्रौद्योगिकी, वित्तीय प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, शिक्षा और फार्मा क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों को यूके में स्थापित होने के लिए पूर्ण समर्थन प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि एफटीए प्रक्रिया को पूरा होने में चार साल लगे हैं।

अमृतसर की उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी ने अपने उत्साहवर्धक भाषण में अमृतसर को पंजाब का प्रवेश द्वार बताया। उन्होंने शहर की रणनीतिक स्थिति, विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचे, तेजी से बढ़ते पर्यटन, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और कृषि-औद्योगिक क्लस्टरों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहाः "अमृतसर न केवल एक विरासत का शहर है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए एक उभरता हुआ गंतव्य भी है। भारत-पाक सीमा के निकट होने और एक अच्छा परिवहन बुनियादी ढाँचा होने के कारण, यह ब्रिटिश व्यवसायों के लिए एक स्वाभाविक केंद्र है।"

# शुभ फूड एंड ट्रैवल टूरिज्म अवॉर्ड्स में देशभर के ब्रांड हुए सम्मानित

**जयपुर, 31 जुलाईः** राजधानी जयपुर के होटल द पैलेस में बुधवार को आयोजित ह्यशुभ फूड एंड ट्रैवल टूरिज्म एक्सपो समिट एंड अवॉर्ड्स झ सीजन 8ह्न में देशभर से आए फूड और ट्रैवल इंडस्ट्री के दिग्गजों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारत में फूड और ट्रैवल टूरिज्म की संभावनाओं को प्रोत्साहित करना और इन सेक्टर्स के योगदान को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाना रहा। समारोह का आयोजन राजस्थान प्राइड द्वारा अतुल्य भारत (मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया) के सहयोग से किया गया। आयोजक राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे आर.के. भाटी, डायरेक्टर, इंडिया टूरिज्म, जयपुर और गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहे डॉ. शोभा तोमर, कुलपति, निम्स यूनिवर्सिटी; दीपक



अग्रवाल, एमडी, बिकाजी फूड्स; अजय कोटहवाला, डायरेक्टर, द पैलेस होटल; पवन गोयल, सीईओ, सफारी ग्रुप ऑफ होटल्स; कुलदीप सिंह चंदेला, प्रेसिडेंट, एफएचटीआर; मोहन सिंह मेड़तिया, एमडी, मीरा मनोर, उदयपुर; हुसैन खान, प्रेसिडेंट, होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान; महेंद्र सिंह राठौड़, आरएटीओ; खालिद खान, वाइस प्रेसिडेंट, एफएचटीआर; अतुल कौशिक, ओनर, अथर्व कैटरिंग; मेपल इवेंट्स से अजीत सोनी।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित पैनल चर्चा में फूड और ट्रैवल सेक्टर के माध्यम से टूरिज्म को बढ़ावा देने की नीतियों पर ट्रैवल एंड टूरिज्म के एक्सपर्ट ने विचार साझा किए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि अब पर्यटक सिर्फ स्थलों की सुंदरता नहीं, बल्कि वहाँ के स्थानीय स्वाद, पारंपरिक व्यंजन और संस्कृति खान पान अनुभव के लिए भी यात्रा करते हैं। ऐसे में भारत में मौजूद विविध फूड कल्चर एक बड़ा आकर्षण बनकर उभर रहा है। वहीं, ट्रैवल इंडस्ट्री से जुड़े प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि फूड ट्रेल्स, रीजनल कुकिंग टूर, और कल्चरल डाइनिंग अनुभवों को ट्रैवल पैकेज में शामिल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की विशिष्ट पहचान बनाई जा सकती है। समारोह में फेयरमोंट जयपुर; फेयरमोंट मुंबई; अनंतारा ज्वेल बाग; होटल क्लार्क्स आमेर; हिल्टन जयपुर; डबलट्री बाय हिल्टन; इंडाना पैलेस; ले मेरिडियन; हीवा हेवन रिसॉर्ट; पावो किचन एंड बार; चाय लैब और क्लार्क्स रिजॉर्ट और द पैलेस बाय पार्क ज्वेल्स होटल एवं रिजॉर्ट जैसे प्रमुख होटलों व रेस्टोरेंट्स को उनके उत्कृष्ट फूड एक्सपीरियंस और हॉस्पिटैलिटी के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही कैरवेला बीच रिजॉर्ट (गोवा); उड़ान होटल्स एंड रिसॉर्ट्स; और सफारी ग्रुप ऑफ होटल्स को ट्रैवल टूरिज्म में विशेष योगदान के लिए सराहा गया।

## गृह मंत्री अमित शाह का बयान,"हिंदू कभी आतंकवादी हो ही नहीं सकता" को इस फैसले ने न्यायिक रूप से भी किया प्रमाणित :— मदन राठौड़



**जयपुर, 31 जुलाई 2025।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एंव राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने मालेगांव ब्लास्ट मामले में न्यायालय के फैसले को ऐतिहासिक करार देते हुए सत्य की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय ने भारतीय न्यायपालिका की निष्पक्षता, दृढ़ता और सत्यनिष्ठा को एक बार फिर प्रमाणित कर दिया है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के नशे में चूर होकर एक गहरी राजनीतिक साजिश के तहत इस मामले को भगवा आतंकवाद और हिंदू टेरर की दिशा देने की कोशिश की। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत पुरोहित और अन्य निर्दोष राष्ट्रभक्तों को झूठे आरोपों में फंसाया गया। एक साधारण मोटरसाइकिल को सबूत बनाकर झूठी चार्जशीट दाखिल की गई, मनगढ़ंत कहानियां रची गईं और झूठे गवाह तैयार किए गए, जो अदालत की सख्त निगाहों के आगे टिक नहीं पाए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि यह महज एक जांच एजेंसी की भूल नहीं थी, बल्कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा रची गई राजनीतिक साजिश थी। सुशील कुमार शिंदे, दिग्विजय सिंह, और पी. चिदंबरम जैसे नेताओं ने बार-बार 'भगवा आतंकवाद' और 'हिंदू टेरर' जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया, जिससे न केवल देशवासियों की भावनाएं आहत हुईं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदू संस्कृति को कलंकित करने की कोशिश की गई। कांग्रेस की इस नीति का मकसद केवल वोट बैंक की राजनीति करना था झ निर्दोष राष्ट्रभक्तों को फंसाकर बहुसंख्यक हिंदू समाज को आतंक से जोड़ना, ताकि तुष्टिकरण की राजनीति को बल मिल सके, लेकिन अंततः न्यायालय ने सत्य की परतें उजागर कर दीं, और झूठ की इमारत भरभरा कर गिर पड़ी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में दिया गया बयान झ "हिंदू कभी आतंकवादी हो ही नहीं सकता" झ आज इस फैसले के माध्यम से न्यायिक रूप से भी प्रमाणित हुआ है। यह उन करोड़ों हिंदुओं की आवाज थी जिनकी आस्था, सहिष्णुता और ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्न की संस्कृति को कांग्रेस ने बार-बार अपमानित किया। यह फैसला केवल सात निदोर्षों की रिहाई नहीं, बल्कि यह उस सत्य और न्याय की विजय है जिसने यह सिद्ध कर दिया कि हिंदू समाज की आत्मा अहिंसा, प्रेम और सहिष्णुता में रची-बसी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने समस्त देशवासियों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक न्याय के क्षण को संयम, विश्वास और आत्मगौरव के साथ स्वीकार करें। यह न सिर्फ कुछ निदोर्षों की रिहाई है, बल्कि यह करोड़ों हिंदुओं की निष्कलंक संस्कृति की पुनः प्रतिष्ठा का प्रतीक है। "झूठ के सहारे सत्ता भले कुछ समय के लिए मिल जाए, लेकिन सत्य को हमेशा के लिए दबाया नहीं जा सकता। "

## झोपड़ी में चौराहे पर गली नुक्कड़ पर मिलने वाली ब्रांच रूपी अवैध शराब से झूमते है जयपुर के युवा और वृद्ध

## क्या आबकरी विभाग शराब के ठेकेदार को एक ठेके की आड़ में शराब की ब्रांच खोलने की देता है परमिशन

## आबकारी विभाग का काम नेक,परमिशन की दुकान एक, अवैध शराब की ब्रांच अनेक

**देश का दर्पण न्यूज**

**राजधानी जयपुर** में आबकारी विभाग शराब के ठेकदारों पर इस कदर मेहरबान हैं कि आबकारी विभाग इन शराब की दुकान के ठेकेदारों को परमिशन तो एक दुकान,दो दुकान, तीन दुकान,..... की देते हैं लेकिन ये दुकान के ठेकेदार आबकारी विभाग ओर खुद की शराब की बिक्री बढ़ाने के लिए एक दुकान की आड़ में 8 से 10 जगहों पर शराब बिकवाते है जिसे ये शराब के ठेके की ब्रांच का नाम दे देते हैं।



अब इन ब्रांचो पर न तो आबकारी विभाग की खुली नजर पहुंच पाती है और नही संबंधित क्षेत्रीय पुलिस की खुली नजर पहुंच पाती है। देखा जाए तो शराब की इन ब्रांचो से लगभग सभी की ही चांदी चमकती है। किसी पत्रकार द्वारा जब ये सूचना सम्बन्धित क्षेत्रीय पुलिस को दी जाती है तो वो आने में इतना समय लगा देते है तब तक ब्रान्च पर शराब बेचने वाला/वाली वहाँ से शराब को ओर खुद को सुरक्षित करने में कामयाब हो जाते है और पुलिस जब आती है तो यह कहकर पल्ला झाड़ लेती हैं कि इतने से माल पर केस ही नही बनता है। जब इन शराब की ब्रांचो की सूचना संबंधित आबकारी अधिकारी को फोन पर दी जाती है तो उनके फोन में इतना वजन होता है कि वो फोन को उठा ही नही पाते है। शराब की इन ब्रांचो पर शराब बिकवाने वाले ठेकेदार इतना तक कहते हैं की पूरे राजस्थान में इस तरह शराब बिक रही है तुम्हारे बंद करवाने से बंद नहीं होगी। इन ब्रांचो पर अवैध शराब की बिक्री करने वालों की जानकारी हमारे संवाददाता द्वारा जुटाई गई तो इन अवैध शराब बेचने वालों का एक ही उत्तर मिलता है की ठेकेदार की ब्रांच है। क्या आबकारी विभाग द्वारा शराब ठेकेदारों को झुग्गियों,थडियों में भी शराब बिकवाने का लाइसेंस दिया हुआ है। पूरे जयपुर में कभी भी किसी भी टाइम कही पर भी शराब मिल सकती है । क्या राज्य सरकार अपने फायदे के लिए आमजन की परेशानी नहीं समझ रही ? सरकार द्वारा रात 8 बजे बाद शराब बिक्री पर पाबंदी लगा रखी है वो सिर्फ दिखावे के लिए है। शराब की किसी भी दुकान पर रात को 12 बजे भी शटर के नीचे से बनी हुई जगह से शराब मिल जाएगी।

आबकारी विभाग की लापरवाही से शराब के गोदामों का आवंटन भी आंख बंद कर दे दिया गया। आबकारी नियमों को ताक पर रखकर आबकारी अधिकारियों द्वारा सिर्फ 1 से 1.50 किलोमीटर के दायरे में गोदाम आवंटन कर दिया गया। ऐसा ही एक मामला बीलवा (बड़ी का वास) सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र के आसपास का है जो वार्ड नंबर 116-17 में है। यहाँ पर आबकारी नियमों को दरकिनार कर ठेका तो आवंटित कर दिया लेकिन ठेकेदार द्वारा गोदाम से ही शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। जिला आबकारी निरीक्षक द्वारा इस अवैध रूप से संचालित ठेके को बंद करवाने के लिए पत्र भी जारी कर दिया कि यह शराब का गोदाम है यहां से शराब की अवैध बिक्री की जा रही है जिससे पास की कंपोजिट मदिरा दुकान की बिक्री पर प्रभाव पड़ेगा सरकार को भी राजस्व का नुकसान होने की प्रबल संभावना है लेकिन फिर भी जिला आबकारी अधिकारी से लेकर आबकारी आयुक्त व वित्त सचिव आबकारी तक भी सूचना होने के बाद भी उक्त जगह से शराब की अवैध बिक्री धडल्ले से हो रही हैं। आखिर क्या कारण है कि शराब की अवैध बिक्री को रोकने में उच्च अधिकारी भी नाकाम साबित हो रहे हैं।क्रमशः.....

## पंचायत विकास पर हुई चर्चा

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

पातेपुर बी आर सी के सभागार में पंचायत उन्नत सूचकांक से संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला पंचायत संसाधन केंद्र पंचायत राज विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पातेपुर बी डी ओ दीपक कुमार सिंह प्रखंड क्षेत्र के मुखिया, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने भाग लिया । इस मौके पर पातेपुर बी डी ओ दीपक कुमार सिंह ने प्रखंड पंचायत प्रगति सूचकांक पर विस्तृत रूप से चर्चा की । पंचायत के विकास कार्यों में सभी विभागों की समान रूप से सहभागिता होनी चाहिए।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली)** पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार पातेपुर प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस मौके पर पातेपुर बी. डी. ओ. दीपक कुमार सिंह ने बताया कि 31.जुलाई.को तीन अलग-अलग चरणों में बी एल ओ के साथ प्रशिक्षण आयोजित कि गई है। जिसमें विस्तृत रूप से चर्चा की गई। आगामी 01.अगस्त .25 को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन होना है ।जिसके आधार पर 31.अगस्त 2025 तक दवा आपत्ति प्राप्त किया जा सकता है।

## सेवानिवृत्ति पर मातौर रोड परशुराम भवन खैरथल में हुआ सम्मान

## ब्राह्मण समाज खैरथल ने दी विदाई



**खैरथल संवाददाता अमित शर्मा**

**खैरथल** खैरथल मातौर रोड परशुराम भवन में गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी सीताराम शर्मा रामकिशोर शर्मा एवं शिवकुमार मिश्रा का परशुराम भवन में सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया आयोजित कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज खैरथल के अध्यक्ष राम सिंह शर्मा ओम प्रकाश जोशी बृजनंदन अवस्थी प्रेमचंद कौशिक विष्णु दत्त शर्मा वेद प्रकाश कौशिक राजेश शर्मा राजेश जोशी युवा ब्राह्मण खैरथल अध्यक्ष आकाश त्रिवेदी राजेश मिश्रा छाजूराम शर्मा, अंकित लाटा जय प्रकाश जोशी गणेश शर्मा राधेश्याम शर्मा सुनील शर्मा संजय शर्मा एवं बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे

## राजस्थान पुलिस की साइबर स्लेवरी पर बड़ी चेतावनी

## (विदेश में नौकरी के नाम पर बन सकते हैं साइबर गुलाम)

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**

**राजस्थान** पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के एक बेहद खतरनाक ट्रेंड साइबर स्लेवरी (साइबर गुलामी) को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। पढ़े-लिखे और तकनीकी रूप से सक्षम युवाओं को विदेश में आकर्षक नौकरियों का लालच देकर दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में फंसाया जा रहा है, जहाँ उन्हें बंधक बनाकर जबरन साइबर धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। एसपी साइबर क्राइम शान्तनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी युवाओं को लाओस, म्यांमार और कंबोडिया जैसे देशों में आईटी सेक्टर में सुनहरे अवसरवका झांसा देते हैं। एक बार जब ये युवा वहाँ पहुँच जाते हैं, तो उनके पासपोर्ट और अन्य पहचान पत्र छीन लिए जाते हैं, और उन्हें शारीरिक तथा मानसिक रूप से बंधक बनाकर साइबर गुलाम बना दिया जाता है। इसके बाद उनसे जबरन भारतीय नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर धोखाधड़ी करवाई जाती है। भारतीय विदेश मंत्रालय और विभिन्न पुलिस एजेंसियां ऐसे अंतरराष्ट्रीय आपराधिक सिंडिकेट्स पर नकेल कसने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। राजस्थान पुलिस ने आमजन से अत्यधिक सतर्कता बरतने की अपील की है और कुछ महत्वपूर्ण सलाह दी है। केवल विदेश मंत्रालय में पंजीकृत भर्ती एजेंटों द्वारा प्रसारित नौकरियों के लिए ही आवेदन करें। किसी भी अवैध एजेंट या अपंजीकृत व्यक्ति द्वारा दिए जा रहे नौकरी के वादे या प्रलोभन से दूर रहें। एमईए की आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकृत एजेंटों की सूची देखकर यह सुनिश्चित करें कि आपको नौकरी का आश्वासन देने वाला एजेंट वैध है।

**संदिग्ध लगने पर तुरंत करें रिपोर्ट** -यदि आपको ईमेल, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम या फेसबुक पर कोई भी फर्जी लिंक, संदिग्ध नौकरी का ऑफर या असामान्य गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, 9256001930, 9257510100, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर या अपने निकटतम पुलिस स्टेशन/साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत करें। राजस्थान पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस धोखाधड़ी के बारे में जागरूक रहें और अपनी सतर्कता से स्वयं और दूसरों को सुरक्षित रखें।

## सगाई समारोह में से लौटते सड़क हादसे में महिला की मौत

**देश का दर्पण.दैनिक अखबार पत्रकार.राकेश कोठेनिया हलेना**

बयाना (भरतपुर ) सदर थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर बाद एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसका चार वर्षीय बेटा घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, 26 वर्षीय मनोज पत्नी जीतमल फौजी, निवासी कटारा अजीज (बालघाट, करौली), अपने देवर नीरज और बेटे देवा के साथ रारौदा गांव में एक सगाई समारोह में शामिल होने आई थीं। कार्यक्रम के बाद वह ससुराल लौट रही थीं। बारिश के चलते मुख्य मार्ग बंद होने पर उन्होंने महरावर-सूरौठ-हिंडौन वैकल्पिक मार्ग लिया। महरावर के पास बाइक असंतुलित हो गई और वह बेटे के साथ गिर पड़ीं। गंभीर घायल मनोज को राहगीरों की मदद से बयाना अस्पताल लाया गया, जहां से आरबीएम भरतपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घायल बच्चे का उपचार बयाना अस्पताल में चल रहा है।

## बयाना के गांव चहल की हालात गम्भीर आवागमन हुआ बन्द

**देश का दर्पण.. दैनिक न्यूज**
**पत्रकार.. राकेश कोठेनिया हलेना**



**भरतपुर..** गंभीर नदी के उफान में बयाना के चहल गांव के पास की एकमात्र संपर्क पुलिया बह जाने से चहल, नगला मचैला और इंद्रा कॉलोनी के हजारों ग्रामीणों का बयाना से सीधा संपर्क टूट गया है। गुरुवार को ग्रामीणों ने एसडीएम दीपक मित्तल को ज्ञापन सौंपकर वैकल्पिक रास्ता बनवाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि 15 जुलाई को पांचना बांध से छोड़े गए पानी से गंभीर नदी में बाढ़ आ गई थी, जिससे पुलिया बह गई। तब से गांवों में स्कूल, अस्पताल और बाजार जैसी बुनियादी सुविधाएं ठप पड़ी हैं। गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को ले जाना भी चुनौती बन गया है। गांववासियों ने निजी खर्च से अस्थायी मरम्मत की कोशिश भी की, लेकिन तेज बहाव उसे भी बहा ले गया। उन्होंने चहल से नगला मचैला होते हुए डांग-सिंघाड़ा रोड तक करीब 2 किमी लंबा वैकल्पिक मार्ग तुरंत बनवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि देर होने पर जान-माल की क्षति से इनकार नहीं किया जा सकता।

## समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी द्वारा आगामी जय भोले मित्र मंडल जलमहल द्वारा विशाल कावड़ यात्रा 3 अगस्त हेतु भव्य पोस्टर का विमोचन किया गया

**देश का दर्पण न्यूज**

**जयपुर,हर** वर्ष की भांति इस वर्ष भी जय भोले मित्र मंडल जलमहल द्वारा विशाल कावड़ यात्रा के पोस्टर का भव्य विमोचन युवा जागृति संगठन अध्यक्ष समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी के कर कमल द्वारा किया गया पोस्टर विमोचन का यह कार्यक्रम न केवल एक सूचना का माध्यम था, बल्कि इसमें छुपा था आस्था, ऊर्जा और उत्सव का भाव। कावड़ यात्रा 3 अगस्त 2025 (रविवार) को गलता तीर्थ से प्रभात पुरी का खोला, बाबा भूतनाथ मंदिर प्रस्थान करेगी, जिसमें शिवभक्तों का विशाल जनसमूह हर-हर महादेव के जयघोष व गाजे बाजे के साथ साथ जलाभिषेक हेतु पवित्र गलता तीर्थ से जल लाने के लिए प्रस्थान करेगा। मण्डल का उद्देश्य इस यात्रा को पूर्णतः भक्ति, अनुशासन और सेवा भाव के साथ सम्पन्न कराना है।*इस अवसर पर मण्डल प्रमुख एवं अन्य सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस पावन यात्रा में सपरिवार सहभागी बनें और भोलेनाथ की कृपा प्राप्त करें।

## गौशालाओं का आत्मनिर्भर होना आवश्यक : जानू




**झुंझुनू।** श्री कल्याण गौशाला समिति भड़ौंदा कला का वार्षिक उत्सव झुंझुनू जिला गौशाला समिति के अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता व महासचिव सुभाष क्याम सरिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौशाला अध्यक्ष बाबूलाल पारीक ने की। पारीक ने वर्ष भर में गौशाला में भामाशाहों के योगदान व ग्राम वासियों द्वारा दिए गए आर्थिक सहयोग का विवरण प्रस्तुत किया। झुंझुनू जिला गौशाला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन जानू ने गायों के लिए हरे चारे की व्यवस्था, गाय माता को रोटी अनाज व विधानसभा क्षेत्र की हर गौशाला में 1000 पेड़ लगाकर गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। सुबह यज्ञ शाला में हवन पूजन किया गया। जिला समिति अध्यक्ष, महासचिव व सरपंच सुरेंद्र सिंह ने गौशाला में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधानसभा क्षेत्र की गौशालाओं के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से प्यारेलाल चनाना को अध्यक्ष, बाबूलाल पारीक भड़ौंदा कलां को महामंत्री व अरविंद भालोठिया, रमेश अग्रवाल को सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित ग्राम वासियों व अतिथियों ने गौशाला में 150 पेड़ लगाए। कार्यक्रम का संचालन रामगोपाल शर्मा ने किया।

## रामचरितमानस के अमर रचयिता हैं हुलसी के तुलसी



**बारां,राजस्थान**
**"आचार्य परमानंद"**

काठियाबाबा आश्रम पर तुलसी जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी में अपने विचार रखते हुए आचार्य परमानंद ने तुलसी को सनातन धर्म और संस्कृति के प्रवक्ता बताते हुए कहा कि

गोस्वामी तुलसीदास, जिन्हें 'हुलसी के तुलसी' के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय साहित्य के एक ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र हैं जिनकी आभा युगों-युगों तक जनमानस को आलोकित करती रहेगी। उनका जीवन स्वयं एक प्रेरणा है, जो दशार्ती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी कैसे अडिग आस्था और निष्ठा के साथ सर्वोच्च कलाकृति का सृजन किया जा सकता है।

तुलसीदास जी का प्रारंभिक जीवन अत्यंत अभावों और संघर्षों से भरा था। कहा जाता है कि जन्म के बाद उन्हें त्याग दिया गया था, लेकिन उनकी भक्ति और दृढ़ संकल्प ने उन्हें कभी हारने नहीं दिया। अपनी पत्नी रत्नावली की कटु किंतु सत्य बातों ने उनके जीवन की दिशा बदल दी और उन्होंने स्वयं को पूर्णतः प्रभु राम की भक्ति में समर्पित कर दिया।

उन्होंने अपनी गहन भक्ति और असाधारण काव्य प्रतिभा से रामचरितमानस जैसा कालजयी ग्रंथ रचा। यह केवल एक काव्य रचना नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का एक जीवंत प्रतीक है। मानस ने जन-जन तक भगवान राम के आदर्शों, मयार्दा और प्रेम के संदेश को पहुंचाया। इसकी सरलता और सुबोधता ने इसे हर वर्ग के लोगों के लिए सुलभ बनाया, जिससे भक्ति आंदोलन को एक नई दिशा मिली। तुलसीदास जी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची प्रेरणा बाहर से नहीं, बल्कि भीतर से आती है। उनकी निष्ठा, विनम्रता और समाज के प्रति उनका योगदान उन्हें सदैव स्मरणीय बनाता है। वे केवल एक कवि नहीं, बल्कि एक युगद्दष्टा थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक सद्भाव और धार्मिक एकता का संदेश दिया। आज भी, मानस के दोहे और चौपाइयां हमारे जीवन को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

## कनीय विधुत अभियंता गुठनी के खिलाफ एसडीएम ने दिया जांच का आदेश

**सीवान संवाददाता, मसरूर अहमद ।**

**सीवान जिला** अन्तर्गत गुठनी थाना क्षेत्र के चितविश्राव निवासी रोनित कुमार के कनीय विधुत अभियंता विधुत आपूर्ति शाखा गुठनी संतोष सावंत के खिलाफ लगाये गये आरोपों पर बिजली विभाग और सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने संज्ञान लिया है । नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अवर सचिव और सदर अनुमंडल पदाधिकारी सीवान द्वारा इस संबंध में जांच का आदेश दिया है । साथ ही कनीय विधुत अभियंता गुठनी संतोष सावंत के खिलाफ सभी सबूतों को परिवादी रोनित कुमार से मांगा गया है ।

सीवान अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा कनीय विद्युत अभियंता गुठनी, प्रशाखा संतोष सावंत के क्रिया कलाप एवं पद दुरुपयोग के जांच करने का निर्देश दिया गया है । वही रोनित कुमार से इस संबंध में शपथ पत्र की मांग की गई है । वही इस जांच संबंधित आदेश के बाद गुठनी में विधुत विभाग में खलबली मची हुई है । वही सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सहायक विधूत अभियंता मैरवा को उक्त आरोपों की जांच करने का आदेश दिया गया है । वही नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अवर सचिव शैलेन्द्र कुमार झा द्वारा परिवादी रोनित कुमार से इससे जुड़े सभी डाक्यूमेंट्स और साक्ष्य मांगा गया है । आपको बतादें कि गुठनी थाना क्षेत्र के चितविश्राव निवासी रोनित कुमार पिता कृपाल पासवान ने कुछ दिन पूर्व नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अवर सचिव शैलेन्द्र कुमार झा और सीवान अनुमंडल पदाधिकारी के पास कनीय विधुत अभियंता विधुत आपूर्ति शाखा गुठनी संतोष सावंत के खिलाफ शिकायत की थी ।

# पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरित बनाने के लिए कम से कम एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य लगाएं:– प्रिन्स भटनागर

### "एक पेड़ मां के नाम" और "हरियालो राजस्थान" अभियान के तहत भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग से प्रिंस भटनागर ने जवाहर नगर में किया वृक्षारोपण



**जयपुर, 30 जुलाई 2025।** भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रिंस भटनागर ने बुधवार को "हरियालो राजस्थान" और "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत जयपुर के जवाहर नगर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कुल 51 पौधों का रोपण किया गया तथा वृक्षों के साथ पौध रोपण करने वालों की नाम पट्टीका भी लगाई गई। भाजपा नेता प्रिन्स भटनागर ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण का संरक्षण नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरित बनाने के लिए आगे आएं और कम से कम एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य लगाएं। भाजपा नेता भटनागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा, "वृक्ष हमें न केवल प्राणवायु प्रदान करते हैं, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक अमूल्य धरोहर हैं। हर किसी को वृक्षारोपण करना चाहिए, विशेष रूप से ऐसे अवसरों पर जब प्रकृति और संस्कृति का संगम होता है।" भटनागर ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ हमें इनके सरंक्षण की भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पेड़ लगाने वाला उसके सरंक्षक के तौर पर कार्य करें तो आने वाले समय में हरित राजस्थान का संकल्प पुरा होता नजर आएगा। इस दौरान अल्प संख्यक मोर्चा के अतिक कुरेशी, भाजपा कार्यकर्ता इमरान, भाजपा कार्यकर्ता मयंक, दीपक, तिलक नगर से अंकुर माथुर सहित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों के साथ महिलाओं ने भाग लिया और वृक्षारोपण किया।

## पांच नए जीएसएस खोलने का ऊर्जा मंत्री को सौंपा प्रस्ताव - केबिनेट मंत्री कुमावत ने की राज्यमंत्री नागर से मुलाकात



**जयपुर,31 जुलाई।** गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री एवं सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने उर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पाली जिले में बिजली के लोड संबंधी समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने बिजली के लोड की समस्या के समाधान के लिए नए जीएसएस स्थापित करने का प्रस्ताव सौंपा।

मंत्री श्री कुमावत ने बताया कि पाली जिले में पिछले कई वर्षो में घरेलू एवं कृषि कनेक्शन की संख्या लगातार बढ रही है। इससे बिजली के लोड की समस्या बढती जा रही है। इस कारण कई बार लोड कम आने से घरों में उपकरण जल नहीं पाते हैं। इससे कई उद्योगों का काम अवरूद्ध हो जाता है। घरेलू व कुटीर उद्योग यथा- आटा चक्की, लोहा हार्डवेयर उद्योग, छोटे कारखाने, लकड़ी फर्नीचर उद्योग व आम व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। इसी के समाधान के लिए सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के सुदृढीकरण के लिये बूसी, सोवनिया, सुमेरपुर व तखतगढ में 33 केवी व गुन्दोज में 132 केवी का नया विद्युत सब स्टेशन खोलने की मांग की। साथ ही मंत्री श्री कुमावत ने सुमेरपुर विधानसभा के डेन्डा, गुडा एन्दला व नेतरा में 33केवी व सांडेराव में 132 केवी जीएसएस खोलने तथा सुमेरपुर के जीएसएस को 220 केवी जीएसएस में क्रमोन्नत करने पर ऊर्जा राज्यमंत्री श्री नागर का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दो नए सीडब्ल्यूआर के लिए 55 लाख रुपए मंजूर -सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के ढोला व रोजड़ा गांव में बनेंगे

**जयपुर/पाली,31 जुलाई। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी** विभाग (पीएचईडी) के चीफ इंजिनियर (ग्रामीण) ने सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव ढोला व रोजड़ा के वाटरवर्क्स में नए सीडब्ल्यूआर के निर्माण की स्वीकृति जारी की है। स्थानीय विधायक व गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत के प्रयासों से स्वीकृति हुए दोनों सीडब्ल्यूआर के निर्माण पश्चात विधानसभा क्षेत्र के 22 गांवों में जलापूर्ति में सुधार होगा। मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि ढोला में 400 केएल यानी 4 लाख लीटर क्षमता का सीडब्ल्यूआर बनाया जाएगा। इसी तरह रोजड़ा में 50 हजार लीटर क्षमता का नया सीडब्ल्यूआर बनेगा। उन्होंने बताया कि ढोला सीडब्ल्यूआर के लिए 32.93 लाख रुपए तथा रोजड़ा सीडब्ल्यूआर के लिए 22.37 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। श्री कुमावत ने बताया कि जवाई बांध से आने वाली पानी की सप्लाई रोजड़ा ग्राम की पहाड़ी पर बने जीएसआर की वजह से पानी की सप्लाई बाधित थी। रोजड़ा गांव में पिछले कई वर्षों से पानी का प्रेशर नहीं बनने के कारण टेल तक पानी नहीं जा रहा था और ग्रामवासी लंबे समय से पेयजल से वंचित थे। इस कारण ग्राउंड लेवल पर सीडब्ल्यूआर की आवश्यकता थी। इस सीडब्ल्यूआर के साथ पंम्पिग मशीनरी व पावर कनेक्शन भी प्रस्तावित है। सीडब्लयूआर के बनने से पानी की सप्लाई के दबाव में बढोतरी होगी, जिससे अंतिम छोर के घरों को भी पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

**22 गांवों के 31 हजार से ज्यादा लोग होंगे लाभांवित**

ढोला गांव में सीडब्ल्यूआर का निर्माण कार्य पूरा होने से सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव ढोला जागीर, ढोला शासन, केनपुरा, अनोपपुरा, बाबा गांव, बड़गावड़ा, बडली, बिढुड़ा, भाचुंदा, चाणोद, दौलपुरा, घणा, लापोद, पिचावा, बालराई, नवागुडा, खुनी गुडा, साकदरा, भावनगर, साली, पेनावा, सुंदेलाव के 31 हजार से ज्यादा की आबादी लाभांवित होगी।

## गंगासागर में मुड़िगंगा नदी पर पुल निर्माण रद्द नहीं हुआ, केवल पहला टेंडर रद्द किया गया: मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा

**रमेश राय, गंगासागर**

**दक्षिण 2**4 परगना के गंगासागर और काकद्वीप को जोड़ने वाले मुड़िगंगा नदी पर प्रस्तावित पुल को लेकर सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों को साफ खारिज किया है सुंदरबन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा ने। उन्होंने स्पष्ट किया कि




पुल निर्माण की घोषणा रद्द नहीं की गई है, बल्कि पहला टेंडर पर्याप्त प्रतिभागियों के अभाव में रद्द किया गया था। मंत्री ने बताया कि 29 जुलाई को पहला टेंडर रद्द करने की आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई थी, क्योंकि उसमें केवल दो कंपनियों ने भाग लिया था, जबकि नियम के अनुसार कम से कम तीन प्रतिभागी आवश्यक होते हैं। सरकार ने इसके तुरंत बाद, 30 जुलाई को नया टेंडर जारी कर दिया।

प्रस्तावित पुल का अनुमानित बजट 1,500 करोड़ रुपये है और इसे पांच वर्षों में पूरा करना है। यह पुल काकद्वीप के लॉट नंबर 8 से शुरू होकर गंगासागर के कचुबेरिया तक फैलेगा, जिसकी लंबाई लगभग 3.5 किलोमीटर होगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की घोषणा के बाद, पिछले वर्ष के राज्य बजट में इस परियोजना के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। नियम के तहत, 27 नवंबर 2024 को पहला टेंडर प्रकाशित किया गया था। हालांकि, पहला टेंडर रद्द होने से सागरद्वीप के लोगों के मन में शंकाएं और निराशा उत्पन्न हो गई हैं कि यह परियोजना कब शुरू होगी और कोई सक्षम कंपनी इसे लेगी या नहीं।

विपक्षी दलों ने सरकार पर झूठे वादे करने का आरोप लगाया है और कहा कि विधानसभा चुनाव के करीब आने पर इस तरह के प्रोजेक्ट्स का प्रचार महज राजनीतिक स्टंट हैं। लेकिन मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा ने दोहराया कि सरकार इस पुल को लेकर प्रतिबद्ध है और नए टेंडर के माध्यम से जल्द ही कार्य आरंभ करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

## श्रवण एवं वाणी बाधित बच्चों के लिए नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा - अतिरिक्त उपायुक्त

**अमृतसर 31 जुलाई : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा )**

मुख्यमंत्री पंजाब श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए एक समावेशी समाज बनाने की दिशा में एक अनूठी पहल कर रही है। जिला प्रशासन और रेक्रॉस, कोचर इन्फोटेक के सहयोग से एक विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जिले के श्रवण एवं वाणी बाधित बच्चों को रोजगार योग्य बनाना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

इस संबंध में एक बैठक करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त श्री रोहित गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक दिव्यांग/दिव्यांग युवा जो 12वीं पास है और जिसकी आयु 35 वर्ष से कम है, इस प्रशिक्षण का हिस्सा बन सकता है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण कराने के लिए आवेदक रोजगार कार्यालय, जिला प्रशासनिक परिसर या रेडक्रॉस कार्यालय में जाकर अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं। इतना ही नहीं, प्रशिक्षण के बाद उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी भी दी जाएगी। प्रशिक्षण को सुचारू रूप से चलाने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ने एक विशेष बैठक की और संबंधित अधिकारियों व विभागों को सौंपे गए कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए।

## उदयपुर से विश्व व्यापार के नए अध्याय की शुरूआत– 3इ बिजनेस ग्रोथ कॉन्फ्रेंस 2025 में ओपेश ग्रुप की वैश्विक सोच को मिला अंतरराष्ट्रीय समर्थन

**अजय सिंह (चिंटू)**
**जयपुरझ**




इतिहास और संस्कृति की नगरी उदयपुर में एक नया इतिहास रच दिया गया, जब 3इ बिजनेस ग्रोथ कॉन्फ्रेंस 2025 के भव्य आयोजन ने भारत को अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक परिदृश्य पर मजबूती से स्थापित कर दिया।

होटल एसेंटिया में आयोजित इस सम्मेलन में 10 से अधिक देशों के हाई कमिश्नर, एम्बेसेडर और इकनॉमिक काउंसलर ने भाग लिया, जो भारत, अफ्रीका और एशिया के व्यापारिक रिश्तों को और मजबूती देने का सेतु बना। इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का नेतृत्व किया ओपेश ग्रुप ने, जिसकी नींव रखने वाले और विश्वस्तरीय बिजनेस आइकॉन डॉ. ओपेश सिंह एवं मेघा नाथ इस आयोजन के केंद्र में रहे। उनका विजन न केवल भारतीय उद्यमिता को विश्व से जोड़ने वाला साबित हुआ, बल्कि उन्होंने छोटे-शहरों से ग्लोबल लीडरशिप की एक प्रेरणादायक मिसाल भी पेश की।

**व्यापार और निवेश के नए अवसरों की चर्चा**

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत, अफ्रीकी महाद्वीप और एशिया के अन्य देशों के बीच व्यापार, निवेश और नेटवर्किंग को नई दिशा देना था। खनन अवसंरचना कृषि, निर्यात-आयात) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में दीर्घकालिक साझेदारी की संभावनाएं गहराई से प्रस्तुत की गईं। अफ्रीकी प्रतिनिधियों ने भारत के साथ व्यापारिक सहयोग को "भविष्य की मजबूत साझेदारी" बताया और युवाओं एवं स्टार्टअप्स को इसका केंद्र बनाने की सराहना की। इस मंच ने परंपरागत उद्योगों को भी नए बाजारों में प्रवेश और इनोवेशन के साथ विस्तार का रोडमैप दिया।

**प्रतिनिधियों और निवेशकों की सराहना**

कॉन्फ्रेंस में आए निवेशकों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों और स्टार्टअप संस्थापकों ने ओपेश ग्रुप की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें इस आयोजन से अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन, प्रत्यक्ष संवाद, और ग्लोबल कॉन्टैक्ट्स का अद्भुत अनुभव मिला।

पर्यटन के लिए विख्यात उदयपुर अब ग्लोबल बिजनेस डायलॉग का केंद्र बन गया है। इस आयोजन ने साबित कर दिया कि भारत के गैर-मेट्रो शहर भी विश्वस्तरीय सम्मेलनों की मेजबानी कर सकते हैं, और वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका को फिर से परिभाषित कर सकते हैं।

**डॉ. ओपेश सिंह और मेघा नाथ झ भारत की व्यापारिक उड़ान के सच्चे पथप्रदर्शक**

ओपेश ग्रुप के इस भव्य आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब दूरदृष्टि, नेतृत्व और निष्ठा साथ हो, तो भारत की उद्यमिता शक्ति को वैश्विक पंख दिए जा सकते हैं।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की बड़ी कार्रवाई

### 9 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 6 केन्टर सामान जब्त



**जयपुर, 31 जुलाई। नग**र निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निदेर्शानुसार उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में काली माता मंदिर से सेक्टर 10 मालवीय नगर, गोपालपुरा बाईपास, केशव विहार, आनन्द विहार से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 9 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 6 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में काली माता मंदिर से सेक्टर 10 मालवीय नगर, गोपालपुरा बाईपास, केशव विहार, आनन्द विहार से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 6 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 9 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत शहर में माहभर विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित




नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत शहर में माहभर विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान महापौर डॉण सौम्या गुर्जर एवं आयुक्त डॉ. गौरव सैनी द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश भी दिए गए।

अभियान के अंतर्गत बारिश के बाद शहर के विभिन्न इलाकों में रुके हुए पानी में कीटाणुनाशक दवाइयों का छिड़काव एवं फॉगिंग का कार्य किया गया। शौचालयों की सफाई हेतु विशेष स्वच्छता अभियान चलाए गए। विद्यालयों में प्रतिदिन हैंडवॉश एवं व्यक्तिगत स्वच्छता (ढी१२ङ्कल्लं' ल्ठॅल्ली) के महत्व पर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

विद्यालयी विद्यार्थियों के सहयोग से विशेष रैलियाँ एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। जिनके माध्यम से आमजन को स्वच्छता एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही सफाई मित्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें हैंडवॉश के महत्व के बारे में बताया गया। नगर निगम द्वारा जोन स्तर पर सफाई मित्रों हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाए गए।

अभियान के दौरान पत्रिका गेट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों को रळढ प्लांट का भ्रमण कराया गया तथा स्लम एरिया में आमजन को कचरा पृथक्करण एवं आस.पास स्वच्छता बनाए रखने हेतु जागरूक किया गया।

## उसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कॉपोरेशन लिमिटेड (हडको) द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर को सीएसआर मद में रुपए 1.00 करोड़ का सहायता अनुदान

**जयपुर, 31 जु**लाई। नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में गुरूवार को नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ॰ गौरव सैनी को श्री सुधीर कुमार भटनागर, क्षेत्रीय प्रमुख, हडको जयपुर द्वारा हडको सीएसआर योजनान्तर्गत नगर निगम जयपुर ग्रेटर के लिए सीवर की साफ-सफाई हेतु सुपर सकर मशीन क्रय करने हेतु रुपए 1.00 करोड़ की सहायता अनुदान का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। नगर निगम जयपुर ग्रेटर द्वारा शहर की सीवर जाम की समस्या के निराकरण हेतु सुपर सकर मशीन का प्रस्ताव रखा गया था। जिसके तहत राजस्थान राज्य बजट 2025-2026 के अन्तर्गत घोषणा की गई थी। हडको सीएसआर अनुदान के अतिरिक्त शेष राशि का भुगतान नगर निगम जयपुर ग्रेटर द्वारा किया जावेगा।

# शहीद ऊधम सिंह की पुण्यतिथि पर भाजपा कैथल ने दी श्रद्धांजलि, देशभक्ति और बलिदान को किया नमन

## शहीदों का बलिदान हमें देश के प्रति नि:स्वार्थ सेवा और अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है : ज्योति सैनी



**कैथल (कृष्ण प्रजापति): भारतीय जनता पार्टी कैथल द्वारा** आज जिला कार्यालय कपिल कमल में शहीद ऊधम सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने की, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने शहीद ऊधम सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक महान क्रांतिकारी थे। उन्होंने जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेते हुए 1940 में लंदन में माइकल ओ'डायर की हत्या कर इतिहास रच दिया। उनका बलिदान हमें देश के प्रति निःस्वार्थ सेवा और अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है।वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि ऊधम सिंह का जीवन देशभक्ति, त्याग और दृढ़ निश्चय का प्रतीक है। उन्होंने वर्षों तक अपने लक्ष्य के लिए संघर्ष किया और अंततः न्याय की खातिर अपने प्राणों की आहुति दी। उनका साहस आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शहीदों के सपनों का भारत तभी बन सकता है जब हम सभी ईमानदारी से देश, समाज और संस्कृति की सेवा करें। भाजपा कैथल ने ऊधम सिंह के विचारों और बलिदान को आत्मसात करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिला महामंत्री मुनीश शर्मा फरल, जंगीर सिसला (जिला उपाध्यक्ष), हिमांशु गोयल (जिला मीडिया प्रभारी), सुरेश संधू, अवधेश किशोर राय (जिला सचिव), अशोक मित्तल (कोषाध्यक्ष), हरिचंद जांगड़ा (कार्यालय सचिव), शमशेर सैनी (जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा),

## छह वर्षीय मासूम से हैवानियत: प्रजापति समाज में आक्रोश, सतीश सरोहा ने की दरिंदे को फांसी देने की मांग

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):**
**नरैनी** विधानसभा क्षेत्र के प्रजापति समाज की मात्र छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। रामनगर के रहने वाले 20 वर्षीय अमित दूरियां नामक युवक ने बच्ची को बहला-फुसलाकर खेत में ले जाकर हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। आरोपी ने मासूम के साथ बर्बरता करते हुए न केवल उसके शरीर और चेहरे को दांतों से नोचा, बल्कि उसकी जीभ (जिह्वा) तक काट दी ताकि वह कुछ बोल न सके। बच्ची इस समय हैलेट अस्पताल, कानपुर में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है। इस घटना से न सिर्फ परिजन, बल्कि पूरा समाज स्तब्ध और आक्रोशित है।

इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए बीपीएचओ के संस्थापक व प्रजापति धर्मशाला सभा, कुरुक्षेत्र के महासचिव सतीश सरोहा ने दोषी को अविलंब फांसी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे दरिंदे समाज के लिए अभिशाप हैं। ऐसे व्यक्ति को तुरंत पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी यह संदेश जाए कि मासूम बच्चियों के साथ इस तरह की बर्बरता करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है।सतीश सरोहा ने पुलिस प्रशासन और न्यायपालिका से गुहार लगाई कि इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में लाकर आरोपी को जल्द से जल्द फांसी दी जाए। साथ ही उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि पीड़िता के इलाज और न्याय की लड़ाई में एकजुट होकर सहयोग करें।

प्रजापति समाज के अन्य वरिष्ठजनों ने भी इस घटना की घोर निंदा करते हुए पीड़िता के परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है और दोषी को कड़ा दंड दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया है।

## हमारी संस्कृति में सेवा का भाव सर्वोपरि जनकल्याण और मानव सेवा की मिसाल है नेत्र कुंभ



**जैसलमेर/जयपुर, 31 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री** भजनलाल शर्मा ने कहा कि बाबा रामदेव जी ने सामाजिक समरसता की स्थापना करने और समाज में गरीब एवं वंचित लोगों की पीड़ा दूर करने का काम किया। उन्होंने कहा कि इस धरा पर नेत्र कुंभ का आयोजन बाबा रामदेव जी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा और मानव कल्याण के उनके आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। श्री शर्मा गुरूवार को जैसलमेर के रामदेवरा में आयोजित नेत्र कुंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह चिकित्सा सेवा जीवन में फिर से उजाले भरने जैसा पुण्य कार्य है। यह जनकल्याण और मानव सेवा की मिसाल है, जो सभी वर्गों के लिए समर्पित है।

**बाबा रामदेव मेले में श्रद्धालुओं की आंखों की निःशुल्क जांच**

श्री शर्मा ने कहा कि हमारी संस्कृति एवं त्योहारों में सेवा का भाव सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि लोकदेवता बाबा रामदेव जी के मेले के शुभ अवसर पर आंखों के इलाज के लिए महाशिविर का आयोजन किया जा रहा है। 1 अगस्त से 2 सितम्बर तक चलने वाले इस शिविर में सवा लाख से अधिक श्रद्धालुओं की आंखों की जांच निःशुल्क की जाएगी। साथ ही, 11 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की आंखों का निःशुल्क ऑपरेशन उनके निवास के नजदीक चिकित्सालय में कराने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अंत्योदय के संकल्प को साकार करने की दिशा में अहम कदम है।

**लोगों के जीवन में उजियारा ला रही राज्य सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंत्योदय हमारी नीतियों का प्रमुख ध्येय है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने पिछले डेढ़ साल में अनेक जनकल्याणकारी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नेत्र स्वास्थ्य को लेकर हमारी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है ताकि प्रदेशवासियों के जीवन में खुशियों की रोशनी फैलती रहे। प्रदेश में प्रतिवर्ष लाखों लोगों की निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी तथा नेत्र चिकित्सकों और सहायकों को नवीनतम तकनीकों का प्रशिक्षण और अत्याधुनिक उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेत्रदान के माध्यम से कॉर्निया प्रत्यारोपण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे हजारों लोगों के जीवन को उजियारा मिल रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मा) के माध्यम से गरीब और वंचित परिवारों को 25 लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज उपलब्ध करवा रही है। यह सिर्फ एक स्वास्थ्य बीमा योजना नहीं बल्कि लाखों जिंदगियों को बचाने का एक मानवीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि इस योजना में प्रतिदिन लगभग 10 हजार लोगों को 10 करोड़ रुपए की राशि का कैशलेस उपचार मिल रहा है। साथ ही, मा वाउचर योजना लागू कर प्रतिमाह 25 हजार गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा भी दी जा रही है। अब तक लगभग 2 लाख 87 हजार महिलाओं को इस योजना के तहत वाउचर दिए गए हैं।

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में लगभग 50 हजार भर्तियां**

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने पेपरलीक जैसी घटनाओं से युवाओं के सपनों को चकनाचूर करने का काम किया। हमारी सरकार ने डेढ़ साल में ही पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल के कार्यकाल से अधिक कार्य किए है। उन्होंने कहा कि हमनें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में अब तक लगभग 24 हजार पदों पर भर्तियां की हैं और 26 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रिया में हैं।

**राज्य सरकार आस्था धामों का कर रही विकास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की धरती शूरवीरों के साथ लोक देवी-देवताओं और संतों की भूमि है। राज्य सरकार आस्था धामों पर मूलभूत सुविधाओं का विकास करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत 18 हजार 328 यात्रियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन, 55 ट्रेनों से 48 हजार 928 से अधिक यात्रियों को विभिन्न तीर्थ स्थलों पर तथा लगभग 6 हजार श्रद्धालुओं को हवाई यात्रा से नेपाल में भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन करवाए गए हैं।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मालेगांव केस के फैसले को बताया न्याय की जीत

**जैसलमेर, 31 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के लोग कहते हैं कि मुख्यमंत्री मंदिर बहुत जाते हैं। कांग्रेस पार्टी के लोग बताएं मैं क्या अब मेरे आस्था केन्द्रों पर नहीं जाऊं। कांग्रेस को अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को भी भजन तो करना ही होगा क्योंकि झूठे वादों और जादूगरी से कुछ भी होने वाला नहीं है। मुख्यमंत्री ने मालेगांव फैसले पर कहा कि कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति की है। उन्होंने हिन्दू टेरर जैसा अपमानजनक झूठ फैलाया और निर्दोष साधु-संतों के साथ ही पूरे समाज की गरिमा को निशाना बनाया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में गृहमंत्री श्री अमित शाह ने अपने भाषण में कहा कि हिन्दू कभी आतंकी नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हम तो वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ चलते हैं, क्योंकि यह हमारे संस्कारों और विचारों में है। जब हम चलते हैं तो इस बात का भी ध्यान रखते हैं कि पांव की नीचे कहीं चींटी तो नहीं आ गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मालेगांव विस्फोट केस में सभी आरोपियों का बरी होना इस बात की पुष्टि करता है कि हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। आज मालेगांव के दुष्प्रचार का अंत हो गया है, दूध का दूध और पानी का पानी हो गया।

## आयुर्वेदिक औषधालय सरदार नगर के परिचायक शौकत अली के सेवा निवृति होने पर अश्रुपूरित विदाई दी गई



**सुरज वर्मा**
**भीलवाडा** ज़िले के बनेड़ा में प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय सरदारनगर डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि औषधालय के परिचायक शौकत अली के सेवा निवृति होने पर अश्रुपूरित विदाई दी गई। परिचायक शौकत अली ने राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय सरदारनगर में 37 वर्षों तक निरंतर अपनी सेवाएं दी थी।परिचायक शौकत अली आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा में अपने कठिन परिश्रम, सहृदयता और सौम्य विचार के लिए सदैव याद रखे जाएंगे।इस अवसर पर डॉ सूरज प्रकाश शर्मा,आयुर्वेद नर्स माधुरी मीणा,प्रेक्षा मारू,मनभर कंवर,कुशल सिंह यादव,लियाकत अली,पुष्पेंद्र कुमावत,परिचायक प्रहलाद शर्मा,योग प्रशिक्षक कमलेश कुमार सैन,कुलदीप सिंह राठौड़,समाज सेवी मुकेश डीडवानिया,त्रिलोक मीणा सहित ग्राम के गण मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## निक्षय किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया




**सुरज वर्मा**
**भीलवाडा** ज़िले के बनेड़ा में 31 जुलाई को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर चेतेंदरपुरी गोस्वामी के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनेड़ा में क्षय रोगियों के लिए निक्षय पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया बनेड़ा ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिसमें तहसील के अलग-अलग ग्राम से क्षय रोगी एवं उनके परिजन सम्मिलित हुए!समारोह को संबोधित करते हुए ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बनवारी लाल यादव जानकारी देते हुए कहां की तपेदिक रोग कुपोषण के कारण होता है इसलिए सबको समय पर एवं पौष्टिक आहार हमेशा लेना चाहिए एवं तपेदी के रोगी को दवाई समय पर लेनी चाहिए उसमें किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए! ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर फारूक मोहम्मद भिस्ती व वरिष्ठ तकनीकी सहायक ईश्वर सिंह तंवर ने तपेदिक रोग के लिए होने वाली जांचों एवं रोग से बचाव के बारे में बताया! कार्यक्रम में डॉक्टर अजय ज्वाला डॉक्टर सुहानी एवं ने भी संबोधित किया! बनेड़ा ब्लॉक में वर्ष 2025 में लगभग 100 रोगियों को अब तक निक्षय पोषका किट का वितरण किया जा चुका ! ओर 100 % मरीजों को निक्षय पोषण कीट देने का बनेड़ा ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आहान किया हेल्थ सुपरवाइजर रईसा रंगरेज, विजयलक्ष्मी शर्मा व इदरीश सिलावट एवं मनोज उज्जैनिया कैलाश चौधरी सांवर लाल धिनावत मोहसिन खान श्यामसुंदर शर्मा सीमा बेरवा रिंकू मीणा नासिर मोहम्मद ऋषि जीनगर आदि उपस्थित थे

# शहीद ऊधम सिंह की पुण्यतिथि पर पूर्व सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि

### कहा : उनका बलिदान युगों तक रहेगा अमर



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम ऊधम सिंह की पुण्यतिथि पर आज पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन, कैथल द्वारा शहीद ऊधम सिंह पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, स्थानीय नागरिकों और बच्चों ने मिलकर पुष्प अर्पित कर वीर शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान जगजीत फौजी ने की। सभा में मौजूद पूर्व सैनिकों कैप्टन नरसिंह ढुल, सार्जेंट धर्मवीर सिंह, और लोक गायक फौजी कर्मवीर ने ऊधम सिंह के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं को सांझा किया। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार का बदला लेने के लिए ऊधम सिंह ने 13 अप्रैल 1940 को लंदन में ब्रिटिश गवर्नर माइकल 'ओ' डायर को गोली मारकर वीरता का परिचय दिया था। इस साहसिक कार्य के लिए उन्हें 31 जुलाई 1940 को फांसी दे दी गई।

प्रधान जगजीत फौजी ने कहा कि हम चाहे कितनी भी बार इस पावन मातृभूमि पर जन्म लें, लेकिन शहीद ऊधम सिंह जैसे वीरों का कर्ज कभी नहीं चुका सकते। आज हमारा देश स्वतंत्र है तो वह इन अमर शहीदों की कुर्बानियों का परिणाम है। उनका बलिदान इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अमर रहेगा और हम हर वर्ष श्रद्धा के साथ उन्हें स्मरण करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि ऊधम सिंह के अवशेष आज भी जलियांवाला बाग, अमृतसर में संरक्षित हैं और देशभर में लोग उन्हें नमन कर रहे हैं। इस अवसर पर सूबेदार मेजर खजान सिंह, सूबेदार सोम प्रकाश शर्मा, सूबेदार विजय शर्मा, रिशालदार कर्मवीर भाल, रिशालदार बलदेव सिंह, हवलदार अभे सिंह, हवलदार मांगेराम शर्मा, मातृशक्ति, बच्चे और एसोसिएशन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभा के अंत में एसोसिएशन की ओर से यह भी घोषणा की गई कि आगामी 3 अगस्त, रविवार प्रातः 9 बजे हनुमान वाटिका, बस अड्डा के पास मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में पूर्व सैनिकों, सैनिक परिवारों, वीर नारियों और वीरांगनाओं की समस्याएं सुनी जाएंगी और समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

## आज यूपीएस के विरोध में ब्लैक डे, जिला मुख्यालयों पर निकालेंगे रोष मार्च



**कैथल (कृष्ण प्रजापति): हरियाणा में यूनिफाइड पेंशन स्कीम** लागू करने पर प्रदेश के कर्मचारियों/अधिकारियों में भारी नाराजगी है। कर्मचारियों का कहना है कि एनपीएस और यूपीएस कभी उनकी मांग नहीं रही, पहले एनपीएस और अब यूपीएस को जबरदस्ती थोपा जा रहा है।

एनपीएस/ यूपीएस का मकसद कर्मचारियों की बचत पर कब्जा कर शेयर बाजार में निवेश बढ़ाना

धारीवाल ने कहा कि यूपीएस की घोषणा से यह भी स्पष्ट हो गया है कि सरकार स्वयं मान चुकी है कि एनपीएस कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को पूरा नहीं करती है जिसका प्रदेश का हर कर्मचारी पिछले कई सालों से विरोध करता आ रहा है और पुरानी पेंशन स्कीम की मांग कर रहा है। अब यूपीएस के नाम पर कर्मचारियों को गुमराह करने का प्रयास मात्र है लेकिन प्रदेश का हर कर्मचारी एनपीएस और यूपीएस को समझता है। यूपीएस कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए नहीं बल्कि उनकी जीवनभर की बचत को छीनकर नाममात्र पेआऊट देने की स्कीम मात्र है। यह स्कीम कर्मचारियों के भले के लिए नहीं बल्कि एनपीएस के माध्यम से शेयर बाजार में निवेशित राशि रिटायरमेंट पर न निकले और यूपीएस के माध्यम से सरकार का अंशदान 14 प्रतिशत से बढाकर 18.5 प्रतिशत करके शेयर बाजार में और अधिक राशि निवेशित करने की मंशा मात्र है। कर्मचारियों में बिना आपत्ति लिए यूपीएस नोटिफिकेशन जारी करने पर भारी नाराजगी जताई है। 1 अगस्त को यूपीएस के विरोध में ब्लैक डे, जिला मुख्यालयों पर निकालेंगे रोष मार्च धारीवाल ने कहा कि इसको लेकर 1 अगस्त 2025 को ब्लैक डे के तौर पर मनाया जाएगा। सभी विभागों के कर्मचारी 1 अगस्त को अपने कार्यस्थल पर काले कपड़े और काली पट्टी बांध अपना विरोध दर्ज करवाएंगे

**हर काम देश के नाम**

## 'समन्वय': मिलिट्री - सिविलफ्यूजन सप्त शक्ति कमान ने बीएसएफ अधिकारियों और भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया

**जयपुर, गुरुवार, 31 जुलाई 2025**

विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी हित धारकों का समग्र राष्ट्र दृष्टिकोण अति आवश्यक है। भारतीय सेना, सीमा सुरक्षा बल एवं नागरिक प्रशासन के बीच आपसी तालमेल को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भारतीय सेना नेह्यसमन्वयह्रनामक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में सैन्य-नागरिक तालमेल से राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान देने वाले प्रमुख सीमा सुरक्षा बल कार्मिकों एवं भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। बीकानेर सैन्य स्टेशन में आयोजित इस कार्यक्रम में सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, सीमा सुरक्षा बल के जवान, प्रतिष्ठित नागरिक प्रशासक और भारतीय सेना के पूर्व सैनिक उपस्थित थे। 'समन्वय', जिसका अर्थ है तालमेल और सद्भाव, सहयोग और आपसी सम्मान की भावना का सटीक प्रतीक है जो की सैन्य-नागरिक एकीकरण को मजबूत करता है और यह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्पष्ट रूप से देखा गया था।

समारोह को संबोधित करते हुए, आर्मी कमांडर ने सिविल पदाधिकारी, सीमा सुरक्षा बल के जवानों को और सेना के दिग्गजों के अमूल्य योगदान के लिए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया और उन्होंने विश्वास, सहयोग और साझा उत्तरदायित्वों पर आधारित मजबूत सैन्य-नागरिक संबंधों को पोषित करने की सेना की प्रतिबद्धता दोहराई। आज केतीव्र प्रतिस्पर्धा वाले क्षेत्रीय और वैश्विक परिवेश में, जहाँ भारत के आर्थिक उत्थान पर सभी की गहरी नजर है, यह आवश्यक है कि सैन्य, अर्धसैनिक और नागरिक प्राधिकारियों सहित सभी हितधारक निकट समन्वय और सहयोग से कार्य करें। आर्मी कमांडर ने उपस्थित लोगों से विकसित भारत-2047 को एक वास्तविकता और शानदार सफलता बनाने के लिए समग्र राष्ट्र दृष्टिकोण से कार्य करने का आह्वान किया। बीकानेर में चल रही विकास पहलों का विशेष उल्लेख किया गया, जहाँ भारतीय सेना, सीमा सुरक्षा बल और संपूर्ण नागरिक प्रशासन के समन्वित प्रयासों को सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में निर्देशित करने की आवश्यकता है, जिससे बीकानेर एक क्षेत्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सके।

## लाल का चोराया पर बने राजकीय विश्रान्ति गृह में अवेध कब्जा धारी को हटाने के लिय ग्रामीणों ने वार्ड पंच के नेतृत्व में बीडीओ को दिया ज्ञापन




**सुरज वर्मा**
**शक्करगढ़ कस्बे** के ग्राम लाल का खेडा पंचायत बरोदा में मुख्य चोराहा पर राजकीय भवन विश्रान्ति गृह में अवेध रूप से अतिक्रमण कर ई मित्र चलाने का मामला सामने आया जहां शरणाथियों के लिए बनाए गए विश्रान्ति गृह को कब्जा कर अवैध ई मित्र संचालित किया जा रहा हैं जब विरोध किया तो धमकाने लगे की प्रशासन मेरा कुछ बिगाड़ नहीं सकता जिसके चलते में ग्रामीणों ने वार्ड पंच मोनू बलाई के नेतृव में जहाजपुर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया की राजकीय संपति में एक व्यक्ति अवैध रूप से 4 साल से ई मित्र चला रहा है ओर इसके नजदीक ही हनुमान जी का मन्दिर बना हुआ है जिसमे आये दिन धार्मिक कार्यकम होते रहते है ओर सभी आम आदमियों के रूकने के लिए उक्त राजकीय भवन विश्रान्ति गृह आम आदमियो के विश्राम करने के लिए बना हुआ है।जिस पर ई मित्र संचालक रायसिंह राजपुत निवासी लाल का खेड़ा ने अवैध रूप से कब्जा करके इस पर ई मित्र चला रखा है लोगो के द्वारा इसको यहा से ई मित्र को हटाने के लिए बोलने पर यह मारने पीटने पर उतारू हो जाता है। जिससे आमजन को काफि परेशानियों का सामना करना पड रहा है।शक्करगढ से जहाजपुर मुख्य मार्ग पर बड़ी संख्या में पेदल यात्री व आने जाने वाले लोग बच्चे,महिलाए काफि परेशान होते हे ग्रामीणों ने विश्रांति गृह खाली कराने की मांग की जिससे पैदल यात्रियों और आमजन को बारिश के मौसम में दुविधा नहीं हो

# एरिया डॉमिनेशन अभियान के तहत 65 टीमो का गठन कर करीब 500 आपराधियो के ठिकानो पर दबिस दी गई

**देश का दर्पण न्यूज**
पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री हनुमान प्रसाद ने बताया कि श्रीमान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महोदय, अपराध शाखा जयपुर, राजस्थान द्वारा के आदेशानुसार वांछित अपराधियो एवं एरिया डॉमिनेन्स के संबंध में सघन अभियान चला कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त आदेशो की पालना में जिला जयपुर पश्चिम के द्वारा दिनांक 30.07.2025 को वांछित अपराधियो एवं एरिया डॉमिनेन्स के संबंध जिला जयपुर पश्चिम में श्री आलोक सिघंल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के नेतृत्व में जिला जयपुर पश्चिम के समस्त सहायक पुलिस आयुक्त, एवं समस्त थानाधिकारीगण मय डीएसटी टीम का गठन किया जाकर कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था। कुल 18 पुलिस थानो द्वारा 65 टीमो को गठन किया जाकर लगभग

250 अधिकारी/कर्मचारीयो के द्वारा अपराधियो के निवास स्थान एवं उनके ठिकानो पर दबिस देकर वाछित अपराधियो एवं पूर्व से सम्पति संबंधी चालानशुदा अपराधियो के ठिकानो पर दबीश



देकर कार्यवाही की गई।

1.ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत जिला जयपुर पश्चिम के द्वारा 221 एचएस अपराधी एवं 24 हार्डकोर अपराधियो को चैक किया गया। एवं आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही की गई।

2.जिला जयपुर पश्चिम में विगत 5 वर्षों में सम्पति संबंधित चालानशुदा अपराधी जिनके 02 या 02 से अधिक प्रकरण दर्ज थे, ऐसे चालालशुदा 180 अपराधियो को चेक किया गया।

3.अभियान के दौरान 88 व्यक्तियो को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया तथा धारा 129 बीएनएसएस के कुल 15 इस्तगासे पेश किये गये।

4.अभियान के दौरान 34 स्टैंडिंग वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया, तथा 12 गिरफ्तारी वारन्टों का निस्तारण किया गया।

5.अभियान के दौरान आबकारी अधिनियम, आर्म्स एक्ट, एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 10 प्रकरण दर्ज किये जाकर कुल 23 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया।

6.इस प्रकार अभियान के दोरान कुल 196 अपराधियो को गिरफ्तार किया गया।

## पिछले 5 वर्षों में नाइलिट को 493 करोड़ रुपए से अधिक आवंटित

**43 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया : जितिन प्रसाद**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने संसद को बताया कि भारत में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने पिछले पांच वर्षों में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) को 493 करोड़ रुपए से अधिक आवंटित किए गए हैं।

लोकसभा में एक लिखित उत्तर में राज्य मंत्री प्रसाद ने बताया कि नाइलिट के तहत देश भर में 43 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है।

नाइलिट, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत कौशल विकास के लिए एक स्वायत्त वैज्ञानिक संस्था है।

राज्य मंत्री प्रसाद ने कहा, "2020-21 से नाइलिट के लिए 493 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि आवंटित की गई है। सबसे अधिक धनराशि 2024-25 में आवंटित की गई, जो 1,53,08,52,398 रुपए थी।"

उन्होंने आगे कहा, "इसकी तुलना में, 2023-24 में 1,45,38,07,249 रुपए आवंटित किए गए थे।"

राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने यह भी बताया कि वर्तमान में, 56 नाइलिट केंद्र कार्यरत हैं। इन केंद्रों के 797 मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण भागीदार (एटीपी) हैं और देश भर में 9,275 सुविधा केंद्र नाइलिट से जुड़े हैं।

प्रसाद ने कहा, "नाइलिट ने विभिन्न डिग्री/डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों और कौशल आधारित पाठ्यक्रमों (दीर्घकालिक और अल्पकालिक) के अंतर्गत कुल 43,60,759 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया है।"

इस बीच, सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीदिशा) के तहत अपने डिजिटल साक्षरता लक्ष्य को भी पार कर लिया है। इस कार्यक्रम ने 2017 और 2024 के बीच 6.39 करोड़ लोगों को डिजिटल साक्षरता प्रदान की है, जो मूल लक्ष्य 6 करोड़ से अधिक है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्टफोन के उपयोग, इंटरनेट की पहुंच और डिजिटल जुड़ाव को बढ़ाना है।

ग्रामीण परिवारों के इन व्यक्तियों को मोबाइल फोन पर संदेश भेजने और फाइल अटैच करने आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों की सबसे बड़ी संख्या 1.45 करोड़ उत्तर प्रदेश में थी। इसके बाद बिहार में 74.12 लाख, महाराष्ट्र में 53.23 लाख, मध्य प्रदेश में 50.69 लाख और राजस्थान में 39.70 लाख लाभार्थी रहे।

पीएमजीदिशा योजना के लाभार्थियों में क्षेत्रीय स्तर के सरकारी अधिकारी, जैसे आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ता और अधिकृत राशन डीलर भी शामिल थे।

## भारत के लिए अमेरिका से ट्रेड डील पर बातचीत का रास्ता अभी भी खुला !

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और जुमार्ना लगाने के फैसले के बावजूद अभी भी देश के लिए अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर बातचीत करने का रास्ता खुला हुआ है। यह जानकारी अर्थशास्त्री द्वारा दी गई।

अर्थशास्त्री त्रिन्ह गुयेन के अनुसार, ट्रंप का टैरिफ संबंधी कदम बिल्कुल भी आश्चर्यजनक नहीं है।

गुयेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "क्या यह आश्चर्यजनक है? बिल्कुल नहीं। मैं एक हफ्ते से सोच रहा था कि अमेरिका-भारत समझौता कैसा होगा और सच कहूं तो, मुझे इसका अंदाजा था। मुझे लगता है कि भारत इस खतरे से निपटने के लिए बातचीत कर सकता है। यह अंतिम नहीं है, लेकिन कितना कम हो सकता है, देखना होगा ?"

अमेरिका की ओर से टैरिफ ऐलान के बाद भारत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा, जैसा कि ब्रिटेन के साथ हुए हालिया व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते सहित अन्य व्यापार समझौतों के मामले में हुआ है।

अर्थशास्त्री ने कहा कि यह ट्रंप की सोची-समझी धमकी है, यह उनके पिछले कार्यकाल में जापान के साथ उनकी रणनीति की याद दिलाती है।

उन्होंने कहा, "यह एक जानी-पहचानी रणनीति है। एक कठोर आंकड़ा पेश करो, दबाव बनाओ, फिर उसे कम करने के लिए बातचीत करो।"

उन्होंने आगे कहा, "ट्रंप के कुछ एजेंडे हैं जिनमें वह भारत या प्रधानमंत्री मोदी की मदद चाहते हैं। यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना उनमें से एक है और भारत इसमें दिलचस्पी नहीं रखता। यह एक उभरता हुआ देश है और तेल जहां सबसे सस्ता मिल सकता है, वहां से खरीदता है। रूसी तेल सबसे सस्ता है, इसलिए वह रूस से खरीदता है और ट्रंप रूस की तेल आय को कम करना चाहते हैं।"

गुयेन के अनुसार, यूरोपीय संघ और जापान को भी आंशिक राहत मिली है, जहां ऑटोमोबाइल जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है।

उन्होंने आगे कहा, "भारत के लिए, 15 प्रतिशत सबसे अच्छी स्थिति हो सकती है।"

दूसरी चीज जो ट्रंप चाहते हैं, वह यह शेखी बघारना है कि उन्होंने भारत के विशाल बाजार को अमेरिकी निर्यातकों के लिए खोल दिया है, जो दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है।

## गाजियाबाद: भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, घरों के बेसमेंट में घुसा पानी, विद्युत आपूर्ति भी ठप

**गाजियाबाद ।** गाजियाबाद में बुधवार रात से हो रही बारिश का सिलसिला गुरुवार सुबह तक जारी रहा। बरसात ने शहर की व्यवस्था को पूरी तरह से हिला कर रख दिया। शहर के कई इलाकों में भारी जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे न सिर्फ यातायात प्रभावित हुआ है, बल्कि बिजली आपूर्ति भी बुरी तरह ठप हो गई है।

सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र सिद्धार्थ विहार रहा, जहां प्रतीक ग्रैंड सिटी सोसाइटी के बेसमेंट में फिर से पानी भर गया। रात के समय हुई तेज बारिश के कारण प्रतीक ग्रैंड सिटी के बेसमेंट-2 में सीवर और बारिश का गंदा पानी भर गया, जिससे कई लग्जरी गाड़ियां आधी से ज्यादा पानी में डूब गईं।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, सुबह 4 बजे से सोसाइटी की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित



है। हैरानी की बात यह है कि अधिकतर रेज़िडेंट्स को बेसमेंट में पानी भरने की कोई सूचना तक नहीं दी गई, जिससे उन्हें समय पर अपनी गाड़ियां हटाने का मौका भी नहीं मिला।

नाराज लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। पिछले चार वर्षों से हर मानसून में इसी तरह की स्थिति उत्पन्न होती है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। निवासियों ने सोसाइटी मेंटेनेंस और प्रोजेक्ट डेवलपर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि एक-एक करोड़ रुपये की कीमत वाले फ्लैट्स और महंगी पार्किंग लेने के बावजूद उन्हें हर बार इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

साथ ही, बेसमेंट में जलभराव को लेकर कोई समय रहते अलर्ट या चेतावनी भी नहीं दी जाती। सिर्फ प्रतीक ग्रैंड सिटी ही नहीं, बल्कि गौशाला अंडरपास, क्रॉसिंग रिपब्लिक और लोनी क्षेत्र में भी जलभराव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। कई सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी जमा हो गया है, जिससे आमजन का निकलना मुश्किल हो गया है।

हाईवे किनारे सर्विस लेन तक पानी में डूबी नजर आई। कुछ इलाकों में तो गाड़ियां पूरी तरह जलमग्न हो गई हैं। बिजली आपूर्ति भी लगातार बाधित हो रही है। जलभराव के चलते कई इलाकों में बिजली विभाग ने एहतियातन बिजली सप्लाई बंद कर दी है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। इससे लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी।

## गरीब-मध्यम वर्ग को चौतरफा महंगाई के बोझ तले कुचलना चाहती है बीजेपी : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कलेक्टर रेट में हुई बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक बार फिर जमीनों के रेट आसमान पर पहुंचने वाला फैसला लिया है। सरकार द्वारा सीधे 10 से लेकर 145 प्रतिशत यानी ढाई गुणा तक बढ़ोतरी कलेक्ट्रेट में की है। उदाहरण के तौर पर फतेहाबाद के एक इलाके में जमीन का रेट 15000 से बढ़कर सीधे 35000 रुपए प्रति वर्ग गज हो गया है यानी दोगुने से भी ज्यादा।

पिछले साल दिसंबर 2024 में ही सरकार ने इस रेट में भारी बढ़ोतरी की थी। तब भी सरकार ने कई जगह तो कलेक्टर रेट में 250% तक बढ़ोत्तरी कर डाली थी। जबकि आम तौर पर यह बढ़ोत्तरी 5 से 10 प्रतिशत ही होती थी। लेकिन अब ये सरकार सरकार हर गली, मोहल्ले और गांव के हिसाब से अलग-अलग दरों में बढ़ोत्तरी कर रही है। हरियाणा के इतिहास में कभी भी इस तरह और इतनी भारी बढ़ोतरी कभी नहीं की गई।



8-9 महीने के भीतर ही दूसरी बार ऐसा फैसला लिया जाना बताता है कि सरकार को गरीब व मध्यम वर्ग की परेशानियों का कोई ख्याल नहीं है। बीजेपी उसे चौतरफा महंगाई के बोझ तले दबाकर कुचलना चाहती है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कलेक्टर रेट में बेतहाशा हुई बढ़ोतरी से जमीन के रेट आसमान छूएंगे और आम आदमी का अपनी जमीन व मकान खरीदने का सपना अब सपना ही बनकर रह जाएगा। बीजेपी का गरीब-मध्यम वर्ग विरोधी चेहरा उस वक्त भी देखने को मिला था, जब हुडा के प्लॉट्स का आवंटन नीलामी के आधार पर करने का फैसला लिया गया था। इसके चलते सेक्टर में प्लॉट्स के रेट रातों-रात छलांगे मारने लगे थे और गरीब व मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर हो गए थे।

हुड्डा ने कहा कि सरकार के ऐसे फैसलों से कोई भी खुश नही है और इसका चौतरफा विरोध हो रहा है। इसलिए सरकार ने जनता से कलेक्टर रेट पर आपत्तियां या शिकायतें मांगने का सिर्फ ड्रामा किया और जानबूझकर इसके लिए सिर्फ एक ही दिन का समय दिया। ताकि लोग अपनी शिकायतें प्रशासन तक पहुंचा ही ना पाएं।

## 'सरकार ने देश की इकॉनमी को खत्म कर दिया', अमेरिकी टैरिफ के बाद राहुल गांधी ने निशाना साधा

नई दिल्ली, । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत पर 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ के बाद सरकार की पॉलिसी पर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा को देश चलाना नहीं आता है। इस सरकार ने देश की पूरी इकॉनमी को खत्म कर दिया है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा, "आज भारत जिस मुख्य समस्या का सामना कर रहा है, वह यह है कि सरकार ने हमारी आर्थिक नीति, रक्षा नीति और विदेश नीति को बर्बाद कर दिया है। वे इस देश को बर्बाद कर रहे हैं।"

उन्होंने दावा करते हुए कहा, "ये डील (भारत-अमेरिका ट्रेड डील) होगी और डोनाल्ड ट्रंप तय करेगा कि डील कैसे होगी। सरकार वही करेगी, जो डोनाल्ड ट्रंप कहेंगे।" राहुल गांधी ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि भारत की इकॉनमी



'डेड इकॉनमी' है और भाजपा ने इकॉनमी को खत्म किया है।

राहुल ने सवाल उठाते हुए कहा, "विदेश मंत्री भाषण देते हुए कहते हैं कि हमारी विदेश नीति बहुत ही शानदार है। एक तरफ अमेरिका भारत को भला-बुरा कह रहा है, तो दूसरी तरफ चीन हमारे पीछे पड़ा है। जब आप अपना डेलिगेशन दुनिया भर में भेजते हैं, तो कोई भी देश पाकिस्तान की निंदा नहीं करता।"

कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाते हुए कहा कि इन्हें (भाजपा) देश चलाना ही नहीं आता। जिस पाकिस्तान के आर्मी चीफ ने पहलगाम में हमला कराया, वह राष्ट्रपति ट्रंप के साथ लंच कर रहा है और सरकार कह रही है कि हमें बड़ी सफलता मिली है।

उन्होंने आगे कहा, "डोनाल्ड ट्रंप ने 30-32 बार बोला है कि मैंने सीजफायर कराया। ट्रंप ने यह भी बोला कि 5 जहाज गिरे हैं और अब वे 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात बोल रहे हैं। आपने खुद से ये सवाल पूछा कि प्रधानमंत्री जवाब क्यों नहीं दे पा रहे हैं?"

अमेरिकी टैरिफ मुद्दे पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "सबने देखा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ के बारे में क्या कहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराया। सरकार को इस मामले में जवाब देना होगा।

## भारतीय नौसेना प्रमुख ने जापान के रक्षा मंत्री से की मुलाकात, रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**टोक्यो ।** भारतीय नौसेना प्रमुख (सीएनएस) एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने गुरुवार को जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी से द्विपक्षीय बैठक की और रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा की।

जापान की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान एडमिरल त्रिपाठी ने उभरते सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता को फिर से पुष्टि की।

भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया, "एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी (सीएनएस) ने जापान यात्रा के दौरान जापानी रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी से मुलाकात की। बातचीत में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग,



तकनीकी और रक्षा उद्योग साझेदारी तथा प्रशिक्षण और कार्मिक आदान-प्रदान को सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।" पोस्ट में आगे कहा गया, "यह संवाद उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह भारत-जापान रणनीतिक समन्वय को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।"

बुधवार रात टोक्यो में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज ने नौसेना प्रमुख के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया। इस अवसर पर जापान के रक्षा मंत्री नाकातानी और जापान समुद्री आत्मरक्षा बल (जेएमएसडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ एडमिरल साइटो अकीरा भी मौजूद थे।

एडमिरल त्रिपाठी की यह चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा 30 जुलाई से 2 अगस्त तक निर्धारित है। यह यात्रा भारत और जापान के बीच गहरे होते ह्यविशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारीह्ण संबंधों के अनुरूप समुद्री सहयोग को बढ़ाने पर केंद्रित है।

इस दौरान वे जापान के उप रक्षा मंत्री मसुदा काजुओ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और एडमिरल साइटो अकीरा से भी मुलाकात करेंगे।

## भोपाल को बनाया जाए सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार का आदर्श शहर : न्यायमूर्ति सप्रे

**भोपाल।** उच्चतम न्यायालय की गठित सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि भोपाल में सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार के क्षेत्र में संगठित प्रयासों के माध्यम और अधिक सुदृढ़ तथा आदर्श शहर बनाया जाए। जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम सहित सभी संबंधित विभागों को गंभीरता, लगन और समर्पण भाव से कार्य करना होगा।

न्यायमूर्ति सप्रे शुक्रवार को भोपाल प्रवास के दौरान पुलिस आयुक्त कार्यालय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर आगामी तीन माह में सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित करने की अपेक्षा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा संबंधी समिति भोपाल को इस दिशा में हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु की संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में न्यायमूर्ति सप्रे ने कहा कि हेलमेट पहनने की आदत को बढ़ावा दिया जाए, सीट बेल्ट उपयोग के प्रति जागरूकता लाई जाए, शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोक परिवहन को बढ़ावा दिया जाए ताकि सड़कों पर छोटे वाहनों का दबाव कम हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग सहित सभी शासकीय कर्मचारी वाहन चलाते

## अशोक सैनी नीट परीक्षा में फर्जीवाडा करने में व चरणजीत सिंह एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में था वांछित अपराधी



**देश का दर्पण न्यूज**
पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर (पश्चिम) श्री हनुमान प्रसाद आईपीएस ने बताया कि श्रीमान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महोदय, अपराध शाखा जयपुर, राजस्थान द्वारा चलाये जा रहे सक्रिय बदमाशान के विरुद्ध कार्यवाही एंव वाछित अपराधियो की धरपकड हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया है। जिसके अर्न्तगत श्री आलोक सिघंल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के नेतृत्व में जिला पश्चिम के डीएसटी प्रभारी श्री गणेश सैनी पुनि व हरमाडा थानाधिकारी उदयभान सिंह द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये 02 ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी। प्राप्त सुचनाओं व तकनीकी सहायता और प्राप्त इनपुट के आधार पर डीएसटी प्रभारी श्री गणेश सैनी पुनि व टीम द्वारा दिनेश शर्मा हैड कानि 2174 की तकनीकी सहायता से मुकदमा नम्बर 318/2025 धारा 419ए, 420, 467, 468ए, 471ए, 1200 आईपीसी व 3/6 राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम पुलिस थाना चौमु में वाछित 25000 के फरार ईनामी आरोपी अशोक सैनी पुत्र जगदीश प्रसाद सैनी निवासी गांव जेतपुरा राधा स्वामी बाग चौमु जिला जयपुर को पकडने में सफलता प्राप्त की गयी।

प्राप्त सुचनाओं व तकनीकी सहायता और प्राप्त इनपुट के आधार पर हरमाडा थानाधिकारी उदयभान सिंह व थाना टीम द्वारा मुकदमा नम्बर 55/2024 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना दौलतपुरा में वाछिंत 10000 के फरार ईनामी आरोपी चरणजीत सिंह पुत्र सिंगारा सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी शैला कलां पुलिस थाना माहिलपुर जिला होशियारपुर पंजाब को पकड़ने में सफलता प्राप्त की गयी। आरोपी चरणजीत के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस सहित विभिन्न धाराओं में पंजाब व राजस्थान में 09 मुकदमें दर्ज है। आरोपी अशोक सैनी के खिलाफ पूर्व में भी परीक्षा अधिनियम के तहत पूर्व में भी मुकदमा दर्ज किया गया था।

## नाबालिग बालिका का अपहरण कर बलात्कार करने के आरोप में एक अभियुक्त गिरफ्तार




**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमती राशि डोगरा डूडी (IPS) जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण द्वारा पुलिस थाना कालाडेरा के प्रकरण संख्या 169/25 धारा 137(2) बीएनएस 2023 के प्रकरण कि गम्भीरता को देखते हुए जल्द से जल्द नाबालिग को दस्तयाब करने के निर्देश फरमाने पर श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला जयपुर ग्रामीण श्री रजनीश पुनियां (RPS) व वृताधिकारी वृत गोविन्दगढ श्री राजेश जांगिड (RPS) के सुपरविजन मे श्री बाबूलाल उ.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना कालाडेरा के नेतृत्व में टीम गठित की जाकर प्रकरण में गुमशुदा नाबालिग बालिका को इन्दोर मध्यप्रदेश से दस्तयाब किया जाकर अभियुक्त आर्यन मीणा को गिरफ्तार किया गया एवं वांछित अपराधियो कि धरपकड अभियान मे एक स्थाई वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। परिवादी ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट इस आशय कि पेश की कि "प्रार्थी के चाचा कि लडकी कॉलेज जाने कि कह कर घर से गई थी, जो वापस नहीं आई आदि पर प्रकरण सं. 169/25 धारा 137 (2) बीएनएस मे दर्ज कर गुमशुदा कि तलाश हेतु टीम का गठन कर तलाश शुरू की गई। प्रकरण दर्ज होते ही टीम गठीत कर आसूचना संकलन कर तकनीकी सहायता से गुमशुदा को इन्दोर, मध्यप्रदेश से दस्तयाब किया गया एवं अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया एवं वांछित अपराधियो कि धरपकड अभियान मे एक स्थाई वारण्टी को गिरफ्तार किया गया।

## अवैध मादक पदार्थ सप्लायर को किया गिरफ्तार




**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमान जिला पुलिस अधीक्षक महोदय, जयपुर ग्रामीण श्रीमती राशि डोगरा डूडी (IPS) ने दिनांक 20/07/2025 को थाना मौखमपुरा पर दर्ज एनडीपीएस प्रकरण में अन्य मुल्जिमान की शीघ्र गिरफ्तार करने के आदेश फरमाये। जिस पर अति. पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामीण श्री रजनीश पूनियां (फ्ढर) एंव श्रीमती प्रियंका वैष्णव (फ्ढर) वृत्ताधिकारी वृत्त जोबनेर के निकट सुपरविजन तथा श्री सुहैल उ.नि. थानाधिकारी थाना जोबनेर के नेतृत्व में टीम गठित की गई।कार्यवाही करते हुऐ महला में नाकाबंदी कर एक ब्लैक स्कोर्पियो कार नंबर फ्ख14 वङ 8817 से 02 क्विंटल 40 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर दो नशा कारोबारियो रामनारायण पुत्र लालाराम निवासी ठिकरिया कला थाना मारोठ जिला डिडवाना कुचामन व रवि पुत्र भंवराराम निवासी पिपराली थाना नावा जिला डिडवाना कुचामन को गिरफ्तार किया जाकर अवैध मादक पदार्थ में परिवहन स्कोर्पियो कार को जप्त किया गया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना मौखमपुरा पर एनडीपीएस एक्ट की धारा में मामला पंजीबद्ध किया गया है जिसमें थानाधिकारी जोबनेर सुहैल खान उप निरीक्षक द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है। प्रकरण में शेष रहे मुल्जिमानो कि तलाश हेतु टीम गठित कर तलाश शुरू की गई। गठित टीम द्वारा मुल्जिम सुरेन्द्र जाट पुत्र लालाराम पुनिया जाति जाट उम्र 27 साल निवासी ठीकरिया कला थाना मारोठ जिला नागोर को गिरफ्तार किया गया।

